इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

“ यो आत्मानं वेत्ति, सर्व स वेत्ति”।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

वर्ष- 44 अंक - 323 राजनांदगांव, सोमवार 13 अक्टूबर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## बिहार चुनावः एनडीए के सीट बंटवारे का ऐलान, बराबर सीटों पर लड़ेंगी जेडीयू-बीजेपी

पटना। बिहार में एनडीए का सीट बंटवारा हो गया है। राज्य में पहली बार बीजेपी और जेडीयू बराबर सीट यानी 101-101 सीटों पर लड़ेगी। इसके अलावा चिराग पासवान को 29 सीट मिली है, जबकि जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को 6-6 सीट दी गई है।

### किसको कितना नुकसान

बात करें नुकसान की तो सीट बंटवारे में सबसे ज्यादा 14 सीटें जदयू को छोड़नी पड़ी है। भाजपा की नौ और हम की एक सीट गई। अगर पिछले चुनाव के समय हुए सीटों के बंटवारे को देखें तो जदयू के हिस्से की 21 और भाजपा के हिस्से की 20 सीटें निकल गई हैं। जदयू नेता संजय झा ने सीट शेयरिंग के बारे में जानकारी देते हुए लिखा, हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है।



चिराग पासवान को 29 सीट, मांझी और कुशवाहा को 6-6 सीट

### दो चरणों में होगा विधानसभा चुनाव

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होंगे, जबकि नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त होगा।

### सहयोगियों की प्रतिक्रिया

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर कहा, एनडीए परिवार ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीटों का बंटवारा पूरा किया है। बिहार है तैयार- फिर से एनडीए सरकार। इस बार पूरे दम के साथ बिहार पहले-बिहारी पहले के साथ! बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीट बंटवारे में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को एनडीए की ओर से 6 सीटें दी गई हैं। इस पर पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने संयमित प्रतिक्रिया दी है। मांझी ने कहा कि संसद में हमें सिर्फ एक सीट मिली थी, तब भी हमने कोई नाराजगी नहीं जताई थी। अब अगर बिहार विधानसभा चुनाव में हमें छह सीटें मिली हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी..., कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में सीएम विष्णु देव साय ने दिखाए कड़े तेवर, सिखाया अनुशासन का पाठ

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कलेक्टर कॉफ्रेंस 2025 में सख्त तेवर दिखाते हुए सुशासन के नए मानक तय किए। उन्होंने दो टूक निर्देश दिया कि सभी कलेक्टर सुबह सात नगरीय निकायों के वार्डों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और उपलब्धियां केवल कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखनी चाहिए। यह सिर्फ समीक्षा नहीं, बल्कि जनहित में नए मानक तय करने का अवसर है।



धान खरीदी में कम पंजीयन पर मुख्यमंत्री ने बस्तर, कोंडागांव और जांजगीर-चांपा कलेक्टरों का नाम लेकर नाराजगी जताई। बैठक निर्धारित समय से पहले शुरू हुई, जिसने मुख्यमंत्री की परिणाम-केंद्रित वर्क-डिसिप्लिन का कड़ा संदेश दिया। साफ है कि अब कलेक्टरों को सुबह की नींद छोड़ जनता के बीच उतरना होगा। बैठक में मुख्य सचिव विकास शील, सभी विभागीय सचिव, संभाग युक्त और कलेक्टर उपस्थित रहे।

### धान खरीदीः कलेक्टर होंगे सीधे जिम्मेदार

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवंबर से होने जा रही धान खरीदी की तैयारियां पूरी करें, किसी भी लापरवाही के लिए कलेक्टर जिम्मेदार होंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सीधे कलेक्टर जिम्मेदार होंगे। खरीदी की चौकसी बढ़ाने के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उपयोग किया जाए। अंतरराज्यीय सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि बाहर से धान की अवैध आवाजाही रोकी जा सके। विशेष पिछड़ी जनजातियों के किसानों का 100 प्रतिशत पंजीयन विशेष शिविरों के माध्यम से किया जाए। शिक्षा विभाग पर सबसे अधिक 50 मिनट तक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सकल नामांकन अनुपात को 100 प्रतिशत करने और ड्रापआउट को शून्य करने का लक्ष्य हर हाल में पूरा हो। शिक्षण सामग्री अलमारियों में नहीं, कक्षाओं में दिखनी चाहिए।

गोंडी भाषा में शिक्षण के लिए बीजापुर माडल की सराहना की और अन्य जिलों को भी स्थानीय भाषा आधारित नवाचार अपनाने की सलाह दी। 31 दिसंबर तक सभी विद्यार्थियों की आधार-बेस्ड अपार आईडी बनाकर रजिस्ट्रेशन पूरा करने का निर्देश दिया, जो गणवेश और छात्र वृत्ति वितरण में पारदर्शिता लाएगी। स्कूलों की ग्रेडिंग और सामाजिक अंकेक्षण के लिए राज्य में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जाएगा।

## पी. चिदंबरम के ऑपरेशन ब्लू स्टार वाले बयान से कांग्रेस नेतृत्व नाराज, कहा- सावधानी बरतनी चाहिए

नई दिल्ली। कांग्रेस नेतृत्व पूर्व गृहमंत्री पी चिदंबरम के ऑपरेशन ब्लू स्टार पर दिए बयान से बहुत नाराज है और उसका मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को ऐसे सार्वजनिक बयान देने से बचना चाहिए, जो पार्टी के लिए शर्मिंदगी का का कारण बनें। पार्टी केसूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

चिदंबरम ने हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक साहित्यिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। पार्टी सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि



जिन वरिष्ठ नेताओं को कांग्रेस से सब कुछ मिला है, उन्हें ऐसे बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए, जो पार्टी को बार-बार परेशानी में डालते हैं और यह आदत नहीं बननी चाहिए। सूत्रों ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं को सार्वजनिक बयान सोच-समझकर देने चाहिए, क्योंकि उनके बयानों से अक्सर पार्टी को दिक्कत होती है, जो ठीक नहीं है। सूत्रों ने आगे कहा, पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस बयान से बहुत नाराजा है। पूरी पार्टी में इस बात को लेकर असंतोष है कि ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है।

### भाजपा ने साधा निशाना

भाजपा ने चिदंबरम के बयान पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इतिहास में यह दर्ज होना चाहिए कि ऑपरेशन ब्लू स्टार कोई राष्ट्रीय जरूरत नहीं बल्कि इंदिरा गांधी का राजनीतिक दुस्साहस था। सत्तारूढ़ पार्टी ने पूछा, क्या कांग्रेस अब चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करेगी क्योंकि उन्होंने सच बोलकर पार्टी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तालिबान का स्वागत, लेकिन देश के मुसलमानों का क्या...

### अफगान मंत्री के भारत दौरे को लेकर केंद्र पर भड़कीं महबूबा मुफ्ती

नई दिल्ली। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री के भारत दौरे को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर हमला बोला है. महबूबा मुफ्ती ने कहा कि आप तालिबान का हाथ जोड़कर स्वागत कर रहे हैं, लेकिन पहले आपको यहां के मुसलमानों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए. साथ ही उन्होंने केंद्र पर जम्मू-कश्मीर के लोगों की जिंदगी तबाह करने का भी आरोप लगाया. महबूबा मुफ्ती की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत ने



अफगानिस्तान के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने का फैसला किया है और वहां के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी भारत दौरे पर हैं. महबूबा मुफ्ती ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री के भारत दौरे पर कहा, आप तालिबान को आतंकवादी कहते थे और आज उनका स्वागत कर रहे हैं, लेकिन अपने ही लोगों से ये दुश्मनी क्यों? उनकी लंबी दाढ़ी और पगड़ी है और आप हाथ जोड़कर उनका स्वागत कर रहे हैं, अगर अफगानिस्तान के साथ अच्छे संबंध (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चंडीगढ़ महापंचायत में हंगामा; डीजीपी को पद से हटाने और गिरफ्तारी की मांग, 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम

चडीगढ़। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले को लेकर न्याय संघर्ष मोर्चा ने 31 सदस्य कमेटी का गठन किया है। संघर्ष समिति की रविवार दोपहर 3 बजे से चंडीगढ़ के सेक्टर-20 स्थित गुरु रविदास भवन में महापंचायत हुई है। महापंचायत में फैसला लिया गया है कि हरियाणा के डीजीपी शत्रूजीत कपूर को पद से हटाया जाए और उनकी गिरफ्तारी हो और हाइकोर्ट के जज से मामले की जांच कराने की मांग की है। सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है कि अगर डीजीपी को पद से नहीं हटाया तो उसके बाद आंदोलन तेज किया जाएगा। इसमें शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित करने से लेकर बाकी कई तरह के आंदोलन शुरू किए जाएंगे।



चंडीगढ़ में महापंचायत के बाद कहा गया कि सब शांति से घर जाएं। महापंचायत में शामिल कुछ कार्यकर्ता राजभवन जाने की तैयारी कर रहे थे। कुछ लोगों ने सड़क पर नारेबाजी करनी शुरू कर दी। हालांकि महापंचायत के तरफ से साफ कहा गया कि हम कोई प्रदर्शन नहीं कर रहे अभी जो भी कोई अभी बाहर नारेबाजी हो रही है वह निजी तौर पर हो रही है। पुलिस प्रशासन यहां पर मौजूद रहा और उन लोगों को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। एडीजीपी पूरण कुमार को न्याय दिलाने के लिए चंडीगढ़ में आयोजित महापंचायत में कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद राजकुमार सैनी के बयान पर हंगामा हो गया। सैनी ने कहा कि हम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाने देना चाहिए, दुर्गापुर गैंगरेप केस पर बोलीं सीएम ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात पर सीएम ममता बनर्जी ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा ये वारदात चौंकाने वाला है; हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती। सीएम ममता बनर्जी ने आगे कहा कि, वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं, पुलिस अन्य की तलाश कर रही है; किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान सीएम ममता ने ये भी कहा कि, निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

### सीएम ममता ने निजी कॉलेज पर उठाए सवाल

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि, वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी है कि वे रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गईं। जहां तक मुझे पता है कि यह वन क्षेत्र में हुआ था, इसलिए 12.30 बजे मुझे नहीं पता कि क्या



हुआ, जांच जारी है... पुलिस जांच कर रही है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। 3 लोग पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

### विपक्ष के हमले पर सीएम ममता का पलटवार

वहीं इस मामले में विपक्ष की तरफ से सरकार पर निशाना साधे जाने पर सीएम ममता ने पलटवार भी किया है। उन्होंने कहा, आप मुझे बताइए कि ओडिशा में तीन सप्ताह पहले समुद्र तट पर तीन लड़कियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### महिलाएं बुर्का पहनकर घर में बैठी रहें? ममता बनर्जी से भड़की बीजेपी ने पूछा सवाल

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एमबीबीएस छात्रा से गैंगरेप केस पर सीएम ममता बनर्जी के बयान से सियासत गरमा गई है। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी मामले की निष्पक्ष जांच कराने की बजाए छात्रों को डराने में लगी हैं। केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने सीएम से सवाल पूछा है कि क्या वे चाहती हैं कि सभी महिलाएं बुर्का पहनकर घर में बैठी रहें। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला और बीजेपी विधायक अग्निमित्रा पॉल ने भी ममता बनर्जी के विवाद पर कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल ने कहा कि पीड़िता जिस कॉलेज से है, उस कॉलेज के सामने वाले रास्ते पर एक भी लाइट नहीं है। जहां पीड़िता मिली, वहां जंगल है, वहां पर सब अनैतिक कार्य होते हैं। उनकी पुलिस को यह सब मालूम है।

## अफगानिस्तान के हमले में पाकिस्तान के 58 सैनिक हुए ढेर, 25 चौकियां कब्जे में, तालिबान की सख्त चेतावनी

नई दिल्ली। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव चरम पर पहुंच गया है। शनिवार रात को तालिबान बलों ने पाकिस्तानी चौकियों पर हमला कर दिया, जो काबुल पर पाकिस्तान के हालिया हवाई हमलों का बदला माना जा रहा है। तालिबान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि इस ऑपरेशन में 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 30 अन्य जख्मी हो गए। साथ ही, अफगान सेना ने 25 पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर लिया है। यह घटना दुरंद लाइन के पास हुई, जहां दोनों देशों के बीच पुरानी दुश्मनी फिर भड़क उठी है।

### पाकिस्तान के हवाई हमलों का बदला

पाकिस्तान ने गुरुवार को काबुल और पक्तिका प्रांत में हवाई हमले किए थे, जिन्हें तालिबान ने अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया। इन हमलों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के दो वरिष्ठ सदस्य मारे गए, लेकिन पाकिस्तान ने जिम्मेदारी नहीं ली। तालिबान ने



इसे अभूतपूर्व आक्रामकता करार देते हुए तत्काल जवाबी कार्रवाई की।

### अफगानिस्तान की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित

इधर रविवार को जारी आधिकारिक बयान में तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और अवैध गतिविधियों को रोक दिया गया है। पाकिस्तानी आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने इन हमलों को अनप्रोवोक्ड बताते हुए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करार दिया। तालिबान ने पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपनी जमीन पर आइएसआईएस के सदस्यों को पनाह दे रहा है, जो अफगानिस्तान और दुनिया भर में आतंकी गतिविधियां चला रहे हैं। मुजाहिद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि पाकिस्तान ने कराची और इस्लामाबाद हवाई अड्डों के रास्ते आइएसआईएस के नए सदस्यों को पश्तूनख्वा में प्रशिक्षण केंद्रों में भेजा है।

### इन केंद्रों से प्लान होते हैं हमले

इन केंद्रों से तेहरान, मॉस्को और अफगानिस्तान के अंदर हमले प्लान किए जाते हैं। तालिबान ने मांग की है कि पाकिस्तान आइएसआईएस के प्रमुख सदस्यों को या तो देश से निकाले या अफगानिस्तान को सौंपे। यह आरोप सीमा पार आतंकवाद के पुराने विवाद को और गहरा रहा है, जहां पाकिस्तान तालिबान पर टीटीपी को शरण देने का इल्जाम लगाता है। इस तनाव के चलते तालिबान ने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की काबुल यात्रा रद्द कर दी। मुजाहिद ने चेतावनी दी कि अफगानिस्तान पर कोई भी हमला बिना (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत-अफगानिस्तान के साझा बयान से चिढ़ा पाकिस्तान, कश्मीर के जिक्र से लगी मिर्ची

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी सात दिनों के भारत के दौरे पर हैं. उनका यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है. लेकिन इसे दौरे से पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है. भारत और अफगानिस्तान के संयुक्त बयान पर पाकिस्तान ने आपत्ति जताई है.

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर कश्मीर को भारत का हिस्सा बताए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई और इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का स्पष्ट उल्लंघन बताया.

पाकिस्तान में बयान में कहा कि जम्मू और कश्मीर को भारत का हिस्सा बताना संबंधित संयुक्त राष्ट्र



सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और जम्मू और कश्मीर की कानूनी स्थिति का स्पष्ट उल्लंघन है.भारत और अफगानिस्तान का यह संयुक्त बयान कश्मीर के लोगों के संघर्ष और बलिदानों के प्रति अत्यंत असंवेदनशील है. बता दें कि भारत और अफगानिस्तान ने 10 अक्टूबर को संयुक्त बयान में 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी. इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी. दोनों देशों ने सभी तरह की आंतकी घटनाओं की निंदा की थी और क्षेत्र में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया था. अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्तकी ने कहा कि आतंकवाद पाकिस्तान की आंतरिक समस्या है.मुत्तकी ने कहा कि हम समझते है कि पाकिस्तान ने गलत किया. इस तरह समस्याएं सुलझती नहीं है. हमने चर्चा के लिए दरवाजे खुले रखे हैं. उन्हें अपनी समस्याएं खुद से सुलझानी चाहिए. अपगानिस्तान में 40 वर्षों के बाद शांति आई है. पाकिस्तान इसी बयान से चिढ़ा हुआ है.

## पीएम मोदी को मिस्र से न्योता, ट्रंप से हो सकती है मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने गाजा शांति समझौते के हस्ताक्षर समारोह में शिरकत करने का निमंत्रण दिया है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में 13 अक्टूबर को होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सिसी के संयुक्त नेतृत्व में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में दुनिया के 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल होंगे। अगर पीएम मोदी जाते हैं, तो ट्रंप के साथ उनकी पहली आमने-सामने की बैठक हो सकती है, जो भारत-अमेरिका संबंधों को नई गति देगी। हालांकि, अभी पीएमओ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।



### युद्ध विराम और शांति समझौते पर सहमति

ध्यान रहे कि गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच लंबे संघर्ष ने हजारों जिंदगियां ले लीं और भारी तबाही मचाई। अब दोनों पक्षों के बीच युद्ध विराम और शांति समझौते पर सहमति बनी है। यह समिट उसी समझौते को औपचारिक रूप देने के लिए है, जो मध्य पूर्व में स्थिरता लाने का बड़ा कदम साबित हो सकता है। ट्रंप की 20-सूत्री योजना इसमें अहम है, जिसमें तत्काल युद्धविराम, इजरायली सेना की वापसी, बंधकों की रिहाई और लंबे समय की शांति पर जोर दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ कोयला घोटालाः पूर्व सीएम बघेल का आरोप, ईओडब्ल्यू और एसीबी ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किए जाली दस्तावेज

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने रविवार को राज्य की आर्थिक अपराध शाखा/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पर कथित कोयला घोटाला मामले में सबूतों से छेड़छाड़ और न्यायिक प्रक्रियाओं में हेराफेरी करने का आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और विधानसभा में विपक्ष के नेता चरण दास महंत ने आरोप लगाया कि एक आरोपी सूर्यकांत तिवारी की जमानत के मामले में ईओडब्ल्यू/एसीबी ने सह-आरोपी निखिल चंद्राकर के सीआरपीसी की धारा 164 के तहत एक जाली बयान वाला दस्तावेज़ सुप्रीम कोर्ट में पेश किया है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164, जो अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 183 है, के तहत किसी आरोपी या गवाह का बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इसे लिखित (या



रिकॉर्डेड) बयान भी कहा जाता है और इसे एक गोपनीय दस्तावेज़ माना जाता है। बघेल ने आरोप लगाया कि सीआरपीसी की धारा 164 के तहत चंद्राकर के बयान में इस्तेमाल किया गया, फ़ॉन्ट अदालत में इस्तेमाल किए जाने वाले आधिकारिक फ़ॉन्ट से अलग था। तो, यह फ़ॉन्ट कहाँ से आया और इसे किसने पेश किया? यह स्पष्ट है कि बयान पहले से टाइप किया हुआ था और राज्य के आर्थिक अपराध शाखा/एसीबी के अधिकारियों द्वारा एक पेन ड्राइव में अदालत में लाया गया था, न कि कानून के अनुसार किसी मजिस्ट्रेट द्वारा रिकॉर्ड किया गया था। बघेल ने कहा कि फोरेंसिक विश्लेषण में दो अलग-अलग फ़ॉन्ट का इस्तेमाल दिखाया गया है, जिससे साबित होता है कि दस्तावेज़ अदालत में नहीं बनाया गया था। पूर्व सीएम बघेल ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अधिवक्ता गिरीश चंद्र देवांगन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों की उन्नति के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का किया शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के किसानों की उन्नति के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ नई दिल्ली से किया गया। इस शुभारंभ कार्यक्रम में जिले के किसान कृषि उपज मंडी परिसर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने किसानों को रबी सीजन में दलहन-तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाकर शासन योजनाओं का लाभ लेने तथा कम पानी व कम कृषि लागत वाली फसलों को लेकर ज्यादा मुनाफा वाली फसलों को लेने के लिए आग्रह किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा रबी सीजन 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य की दर में बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कृषि विभाग सहित अन्य संबंधी विभागों के मैदानी अधिकारियों को किसानों के हित में कार्य करने कहा। कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती जागृति यादव ने वर्तमान खरीफ फसल में बेहतर उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को किसानों तक कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं को



शुभारंभ कार्यक्रम में जिले के किसान कृषि उपज मंडी परिसर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े

पहुंचाने कहा। उन्होंने किसानों को नवाचार पद्धति से खेती करने की अपील की। जनपद पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर ने भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों एवं प्रयासों की जानकारी दी।

उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने किसानों को केन्द्र सरकार की दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्रीमती गुंजन झा ने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किए जा रहे नवाचार कार्यों तथा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। लीड बैंक मैनेजर मुनीष शर्मा ने किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि ऋण के बारे में बताया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य, राजेन्द्र ठाकुर, अनुभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, सहायक संचालक कृषि डॉ. वीरेंद्र अनंत, सचिव कृषि उपज मंडी पंचराम वर्मा, सहायक संचालक कृषि श्रीमती रूपलता गुप्ता, कृषि वैज्ञानिक श्रीमती नूतन रामटेके, पशुचिकित्सा अधिकारी श्रीमती ममता मेश्राम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डीआर राणाड़े, कृषि विकास अधिकारी अविनाश दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि उपज मंडी के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिले डोंगरगांव के डॉ. प्रियांक ठाकुर



**दिल्ली आवास में हुई सौजन्य भेंट, डोंगरगांव आने का दिया निमंत्रण**

डोंगरगांव (दावा)। दिल्ली प्रवास के दौरान क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रियांक विद्याभूषण ठाकुर ने देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान डॉ. ठाकुर ने रक्षामंत्री को डोंगरगांव आने के लिए भी सादर निमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान डॉ. प्रियांक ठाकुर ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से अपने पिता स्व. विद्याभूषण ठाकुर के जीवन और देश में लगे आपातकाल से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बता दें कि डॉ. प्रियांक विद्याभूषण ठाकुर नगर में संचालित विद्याभूषण ठाकुर मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक हैं और विगत कुछ वर्षों से डोंगरगांव शहर और आसपास के क्षेत्र को उनके चिकित्सा अनुभवों का लाभ मिल रहा है। इस सौजन्य मुलाकात को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## शांतिभंग करने वाले बदमाशों पर चिखली पुलिस ने की कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में शांति भंग करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस द्वारा पकड़े गए उन आरोपियों के खिलाफ़ कारवाई की गई है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के पर्यवेक्षण में आगामी दीपावली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस तारतम्य




में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत पर रविवार 12 अक्टूबर को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश मानिकलाल यादव पिता मदन लाल यादव उम्र 52 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव ओपी चिखली, डिलेन्द्र अजय यादव पिता स्व. लक्ष्य कुमार यादव उम्र 31 साल निवासी चंदन नगर मोतीपुर ओपी चिखली को गिरफ्तार कर पृथक-पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। श्री मरई ने बताया कि उनके चौकी क्षेत्र मे कानून शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश, और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान का आज नगर में प्रथम आगमन



**भव्य स्वागत की तैयारियां पूरी, जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख के नेतृत्व में होगा आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जनाब मखमूर इकबाल खान का जिले में प्रथम आगमन आज 13 अक्टूबर (सोमवार) को होने जा रहा है। उनके आगमन को लेकर जिलेभर के अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान के स्वागत के लिए भाजपा जिला कार्यालय के पास एक भव्य स्वागत समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख करेंगे।

### कार्ययोजना और मार्गदर्शन

मोर्चा जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख ने बताया कि कार्यकर्ता शाम 4 बजे उनके कार्यालय में एकत्रित होंगे। जहां से गर्मजोशी भरा स्वागत जुलूस भाजपा कार्यालय की ओर प्रस्थान करेगा। स्वागत समारोह के बाद प्रदेश अध्यक्ष जिला कार्यालय पहुंचकर सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इस संवाद सत्र में वे संगठन को और सशक्त बनाने, पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी कार्य योजनाओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

मोर्चा जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख ने प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को जिले के लिए प्रेरणादायक अवसर बताया।

मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ और महामंत्री जहीर अब्बास ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनें और प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करें।

## सूरज शर्मा छग सहायक शिक्षक फेडरेशन के राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित

**कलेक्ट्रेट गार्डन में हुआ चुनाव, रोशन लाल साहू ब्लॉक संयोजक बने**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के राजनांदगांव ब्लॉक के नए अध्यक्ष के रूप में कर्मठ एवं जुझारू साथी सूरज शर्मा को निर्वाचित किया गया है। विगत दिवस कलेक्ट्रेट गार्डन में राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ललित प्रताप सिंह एवं ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश साहू की उपस्थिति में हुए चुनाव में, सूरज शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं, रोशन लाल साहू को ब्लॉक संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष (राजनांदगांव) रमेश साहू, और कार्यवाहक जिला पदाधिकारियों बंदीश नेम पांडे, अमीन कुरैशी, उमेश देशलहरा, खिलावन ठाकुर, प्रवीण हिरवानी, चंद्रकिरण महिपाल, गोपी चौधरी सहित अन्य शिक्षक नेता उपस्थित थे। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष सूरज शर्मा को जिला एवं ब्लॉक इकाई सहित पूरे शिक्षक समुदाय ने बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि वे शिक्षकों के हितों के लिए मजबूती से संघर्ष करेंगे।

## प्रधान पाठक मदन मंडावी छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से अलंकृत

**शिक्षा, साहित्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यशैली हेतु किया गया सम्मानित**



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ ब्लॉक के छपारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक मदन लाल मंडावी को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान के लिए छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह 11 अक्टूबर को रायपुर के इंद्रावती कॉलोनी शांतिनगर में कामरेड स्व. नरेंद्र सिंह चंद्राकर (पूर्व प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासकीय कर्मचारी संघ) की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया था।

### उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान

मदन लाल मंडावी को यह सम्मान शिक्षा, साहित्य, नवाचार, कला संस्कृति, सक्रिय समाज सेवा और विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन छात्र एवं शिक्षकों के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ और उड़ान राष्ट्रीय महिला जागृति मंच नई दिल्ली के सहयोग से किया गया। इस आयोजन में मीना भारद्वाज, निधि चंद्राकर, संजय कुमार मैथिल, परसराम साहू, डॉ. राजेन्द्र पाटकर और मोहित कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंडावी को यह सम्मान मिलने से डोंगरगढ़ क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## अभाविप राजनांदगांव की नवीन नगरीय कार्यकारिणी घोषित

**राजनांदगांव (दावा)।** ज्ञान-शील-एकता के मंत्र पर चलने वाले विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की राजनांदगांव इकाई की नवीन नगरीय कार्यकारिणी की घोषणा उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर नगर के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश, उमंग और संगठन के प्रति नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

कार्यक्रम में यह घोषणा की गई कि अक्षत श्रीवास्तव को पुनः नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। उनके साथ निकिता श्रीरंगें, प्रतीक गढ़वाल और भूपेंद्र पाल को नगर सहमंत्री नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन के कार्यों में नई गति और दिशा आने की उम्मीद व्यक्त की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रांत सहमंत्री अमन नामदेव, प्रांत साविष्कार सह प्रमुख चंदना श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनंजय पांडेय तथा जिला संयोजक जीत प्रजापति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहमंत्री निकिता श्रीरंगें ने किया।

### नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा

अभाविप केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचार है, जो विद्यार्थियों में राष्ट्रभाव, सेवा और नेतृत्व की भावना जागृत करता है। पिछले कार्यकाल में हम सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अनेक शैक्षणिक, सामाजिक और राष्ट्रहित के कार्यक्रम किए हैं। आने वाले सत्र में भी हम और अधिक जोश के साथ विद्यार्थी हितों के लिए कार्य करेंगे और संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।

### अमन नामदेव ने अपने संबोधन में कहा



**अक्षत श्रीवास्तव पुनः बने नगर मंत्री, संगठन में नई ऊर्जा का संचार**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। यह संगठन न केवल छात्र हितों की रक्षा करता है, बल्कि उनमें राष्ट्र निर्माण की भावना भी जागृत करता है। राजनांदगांव नगर की नई कार्यकारिणी संगठन के कार्यों को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी में संगठन के संस्कार और कार्यशैली को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब इन नए पदाधिकारियों की है।

प्रांत साविष्कार सह प्रमुख चंदना श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि अभाविप विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, नेतृत्व और सेवा भावना को निखारने का एक सशक्त मंच है। संगठन में युवाओं की सक्रियता यह दर्शाती है कि राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक अनुशासन और सेवा भाव ही अभाविप की असली पहचान है, और प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। अंत में सहमंत्री प्रतीक गढ़वाल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन में कार्यकर्ताओं का उत्साह और अनुशासन अभाविप की सशक्त कार्यसंस्कृति का प्रतीक रहा। परिषद की नगर कार्यकारणी में सहमंत्री निकिता श्रीरंगें, प्रतीक गढ़वाल, भूपेंद्र पाल, नगर महाविद्यालय प्रमुख जीत शर्मा, सहप्रमुख आदित्य, वेनुका, स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट कुलदीप, सह प्रमुख अंशराज भाटिया, स्टूडेंट्स फॉर सेवा प्रमुख चैतन्या त्रिवेद्वी, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख युक्ता मांडवी सहप्रमुख प्रिया, नगर विद्यालय प्रमुख दिव्य द्विवेदी, सह प्रमुख प्रतीक्षा वर्मा, सोशल मीडिया प्रमुख यश श्रीवास्तव, सहप्रमुख ओजस उइके आदि कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया।







## रजत महोत्सव पर परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा पर नागरिकों को किया जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर परिवहन विभाग द्वारा राजनांदगांव जिला आगमन पर विश्व शांति विश्व पदयात्री व रथयात्री, पर्वतारोही टीम के साथ यातायात, परिवहन, सड़क सुरक्षा पर नागरिकों को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत चौक-चौराहों पर मोटर सायकल चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही हेलमेट पहने चालकों को पुष्पगुच्छ देकर प्रोत्साहित किया गया। मोटरयान नियमों का उल्लंघन करने वाले को हार पहनाकर नियमों का पालन करने व मोटर सायकल चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को हार पहनाकर नियमों का पालन करने तथा चार पहिया वाहन चालकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार चलाते समय सीट बेल्ट




हेलमेट पहनने वालों को पुष्पगुच्छ, नियम तोड़ने वालों को हार पहनाकर अपील, निःशुल्क बस सेवा भी दी गई

पहनने का आग्रह किया गया। नीरज बाजपाई इन्टरनेशनल स्कूल बोरी, युगांतर पब्लिक स्कूल सुंदरा के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को यातायात, सड़क सुरक्षा व पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया।

रजत महोत्सव अंतर्गत एवं सेवा पखवाड़ा के तहत परिवहन मंत्री केदार कश्यप के डोंगरगढ़ आगमन पर यातायात सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। साथ ही सेवा पखवाड़ा के तहत श. चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में शामिल होने वाले नागरिकों के लिए बस स्टैण्ड से शासकीय मेडिकल महाविद्यालय पेण्ड्री तक निःशुल्क बस एवं ई-रिक्शा सेवा की सुविधा उपलब्ध कराया गया।

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय का किया जाएगा लोकार्पण





**आवासीय विद्यालय के लोकार्पण की तैयारी जारी**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय की शुरूआत आगामी सप्ताह होने जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आवासीय विद्यालय के लोकार्पण की तैयारी जारी है। प्रथम शैक्षणिक सत्र में कक्षा 9वी में 113 बच्चों के साथ इसका शुभारंभ होगा। इसी कड़ी में कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता द्वारा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्लास रूम व हॉस्टल की सुविधाओं का जायजा लिया गया। बच्चों से सुविधाओं के बारे में चर्चा की गई एवं उनका हालचाल भी पूछा गया।

उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं के 113 बच्चों का प्रवेश पूर्ण कर लिया गया है। आवासीय विद्यालय में बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल एवं मेस की सुविधा है। दोनों हॉस्टल के लिए अधीक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। बच्चों की सुरक्षा हेतु चार सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है तथा पूरा कैम्पस सीसीटीवी की निगरानी में है। 12 क्लास रूम फेकल्टीस का चयन भी रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से डेमों के पश्चात किया जा रहा है। क्लास रूम में बच्चों को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से अध्ययन कराया जाएगा। साथ ही नीट-जेईई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करायी जाएगी। बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर कक्ष की भी व्यवस्था की गई है।

# व्यापंम द्वारा आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा किया गया हंगामा

राजनांदगांव(दावा)। शहर के 13 स्कूलों में रविवार को व्यापंम की परीक्षा आयोजित की गई। जहां परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थियों द्वारा जमकर हंगामा किया गया। हंगामे की वजह परीक्षा केंद्रों का समय से पहले गेट को बंद कर दिया जाना बताया जा रहा है।

बता दें कि रविवार 12 अक्टूबर को शहर के 13 केंद्रों में आयोजित वार्ड ब्वॉय व वार्ड आया की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें कुछ परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र पहुंचने से पहले गेट बंद कर दिये जाने से परीक्षार्थी हंगामा करने उद्यत हो गए। कई महिला परीक्षार्थी तो रोने-बिलखने लगी, जिससे माहौल में असहजता की स्थिति बन आई।

दिग्विजय महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है। सिर्फ़ वही परीक्षार्थी हो-हल्ला व हंगामा कर रहे थे। जो परीक्षा केंद्रों में देर से पहुंचे थे। जबकि उन्हें परीक्षा केंद्रों में निश्चित समय पर पहुंचने के लिए कहा गया था। इसके बाद भी वे देर से पहुंचे। उक्त निश्चित समय के पूर्व एनाउंस भी किया गया था कि जो परिक्षार्थी परीक्षा केंद्र में नहीं पहुंचे हैं वे जल्दी पहुंचे। इसके बाद भी नहीं पहुंचने पर गेट बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि व्यापंम द्वारा जो सिस्टम बनाया गया है उसका फालों किया जाना आवश्यक होता है।



गेट बंद कर दिए जाने से रोती-बिलखती रही छात्राएं, छात्रों ने दिखाए उग्र रुप

### छात्रों के लिए जारी किया गया था दिशा-निर्देश

बता दें कि शहर के 13 केंद्रों में आयोजित व्यापंम की उक्त परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया था, जिसमें छात्रों को कान में कुछ भी पहनने की अनुमति नहीं दी गई थी। यानि छात्राएं कान में बाली भी नहीं पहन सकती थी। इसके अलावा हल्के रंग का कपड़ा ही पहन के आना था। हाथों में फूल बांह का कपड़ा पहनना भी एलाव नहीं था। इसके अलावा जूते-मोजे भी छात्र नहीं पहन सकते थे। परीक्षा केंद्र के गेट साढ़े 10 बजे बंद हो जाएंगे। वहीं परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर सवा 1 बजे तक होंगी। इसके बाद भी परीक्षार्थी समय का ध्यान नहीं रख पाए।

यदि कोई परीक्षार्थी साढ़े दस बजे के बाद पहुंचे, एनाउंस को भी अनसुना कर दे तो यह परीक्षा केंद्र का दोष नहीं परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों का दोष है।

### वार्ड ब्वाय ,आया की परीक्षा में बैठे 4412 परीक्षार्थी

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्या सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि व्यापंम की उक्त परीक्षा हेतु जिले में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। व्यापंम की उक्त परीक्षा में कुल 4412 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। लेकिन रविवार 12 अक्टूबर को आयोजित इस परीक्षा में कुल 3204 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 1208 विद्यार्थियों की अनुपस्थिति रही।

प्राचार्या सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि दिग्विजय कालेज में 480 में से 330 परीक्षार्थी उपस्थित रहे वहीं कमला कालेज में 338, शिवनाथ कालेज में 343, म्युनिसिपल स्कूल में 363 व बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में 340 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

इसी तरह पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में 180 में से 138, महारानी लक्ष्मीबाई में 420 में से 334, सर्वेश्वर दास स्कूल में 240 में से 161, ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल में 360 में से 283, जेएमएम स्कूल शंकरपुर में 180 में से 137, पनेका हाईस्कूल में 180 में से 126 गायत्री विद्यापीठ केसर नगर में 272 में से 184 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। बहरहाल शहर के इन 13 केंद्रों में संपन्न हुए व्यापंम की इस परीक्षा में देर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गेट बंद कर दिए जाने से हंगामे की स्थिति बनी रही और परीक्षा केंद्र की व्यवस्था पर परीक्षार्थी सवाल उठाने से पीछे नहीं रहे।

# खैरागढ़ पुलिस की बड़ी सफलता : ज्वेलरी शॉप चोरी का मामला तीन दिन में सुलझाया

खैरागढ़ (दावा)। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) पुलिस ने सोनी ज्वेलर्स और इलेक्ट्रानिक्स दुकान छुईखदान में हुई चोरी के एक गंभीर मामले को महज तीन दिनों के भीतर सुलझाकर बड़ी सफलता हासिल की है।



6 लाख के चांदी के जेवरात शत-प्रतिशत बरामद, एक व्यस्क और एक अपचारी बालक गिरफ्तार

पुलिस ने चोरी के आरोप में एक वयस्क और एक विधि से संघर्षरत अपचारी बालक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए 6 लाख रुपए के चांदी के जेवरात शत-प्रतिशत बरामद कर लिए हैं।

### चोरी की घटना

प्रार्थी परमेश्वर राम सोनी ने गुरुवार 9 अक्टूबर को थाना छुईखदान में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 और 9 अक्टूबर की मध्य रात्रि में अज्ञात आरोपी ने उनकी दुकान का ताला तोड़कर लगभग 6,00,000 रूपए (छह लाख रुपए) मूल्य के चांदी के जेवरात चोरी कर लिए हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में अपराध क्रमांक 369/2025, धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, केसीजी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्काल घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और स्थानीय लोगों से सघन पूछताछ की।

### आरोपियों की गिरफ्तारी

जांच के बाद, संदेहियों को रविवार 12 अक्टूबर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी प्रहलाद निषाद उर्फ दादू उम्र 35 वर्ष निवासी कंडरापारा छुईखदान) और एक अपचारी बालक ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

### चोरी का माल बरामद

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए चांदी के जेवरात बरामद कर लिए गए। जिनका कुल वजन लगभग 4 किलोग्राम है। बरामद मशरूका में चुटकी, बिछिया, कडा, पायल, चांदी के सिक्के, लाकेट, हाफ करधन और लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति सहित अन्य फैंसी जेवरात शामिल हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 6 लाख रूपए है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस प्रकरण में एक अन्य आरोपी फरार है। जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार करने का दावा पुलिस ने किया है। इस सफलता से जिले के व्यापारियों और आम जनता ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक



स्वास्थ्य विभाग ने रजत महोत्सव पर रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में किया आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग सेंट्रल इंडिया नर्सिंग कॉलेज देवादा में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बालिकाओं के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने कहा। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की अपने परिवार एवं देश की उन्नति में अहम भूमिका होती है। शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण सहित सभी क्षेत्रों में बालिकाओं को समान अधिकार है। कार्यक्रम में रंगोली, निबंध, पोस्टर सहित अन्य प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सुलोचना यादव प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित थे।

# सड़क हादसा : व्यापारी हरि खडेलवाल को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, बुरी तरह घायल

राजनांदगांव (दावा)। शहर के कैलाश नगर निवासी व्यापारी हरि खंडेलवाल रविवार की रात नौ बजे के लगभग अपने काम से कहीं जा रहे थे, तभी में भरका पारा तालाब के पास एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उनके स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरि खंडेलवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि अजय खंडेलवाल उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है।

सूत्रों के अनुसार, गाडी डोंगरगांव क्षेत्र के किसी टावरी की बतायी जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# रॉयल किड्स कान्वेंट की शरण्या और श्रद्धा ने अंतर विद्यालयीन वाद विवाद प्रतियोगिता में मारी बाजी

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कान्वेंट की दो होनहार छात्राओं, शरण्या श्रीवास्तव (आत्मजा संजय श्रीवास्तव), श्रद्धा बिसेन (आत्मजा अजय बिसेन) ने युगांतर पब्लिक स्कूल में आयोजित अंतरविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में उनकी अद्वितीय वाद-विवाद कौशल और आत्मविश्वास ने उन्हें दूसरों से अलग बनाया। अंतरविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें शरण्या और श्रद्धा ने अपनी अद्वितीय वाद-विवाद कौशल और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और उन्हें भविष्य में और भी अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। शरण्या व श्रद्धा को श्रीमती अपर्णा वर्मा एवं श्रीमती शालिनी चितलांगिया ने मार्गदर्शन दिया।



विद्यालय के अकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने शरण्या और श्रद्धा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे विद्यालय के लिए सम्मान की बात है।

विद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर टी.एस.बग्गा, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह श्रीमती मनीषा सिंह, बरसर आई के वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा ने शरण्या और श्रद्धा को बधाई दी और कहा कि अद्वितीय वाद-विवाद कौशल और आत्मविश्वास ने आपको इस प्रतियोगिता में सफल बनाया है। हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

इसी तरह रॉयल किड्स कान्वेंट के छात्र-छात्राओं ने भिन्न-भिन्न जगह से भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर लगातार चौथी बार प्रथम, द्वितीय पुरुस्कार अपनी झोली में डाला है। डायरेक्टर श्रेयांश बहादूर सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अभी ड्रामेटिक्स, पोएट्री जैसे कार्यक्रमों की धुआंधार रिहर्सल जारी है और इसी का परिणाम है कि लगातार संस्थान के बच्चे नाम रौशन कर रहे हैं।

# सेवा, समरसता और स्वदेशी के माध्यम से समाज परिवर्तन की ओर संघ - राजेश खाडेकर

### आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर पटेवा (घुमका) में हुआ विजयदशमी और भव्य पद संचलन

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत, ग्राम पटेवा (घुमका) में विजयदशमी एवं पद संचलन का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक राजेश खांडेकर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि 1925 में स्थापित संघ आज 100 वर्ष पूरे कर चुका है और शहर तथा बस्ती मंडल स्तर पर पद संचलन के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम कर रहा है।

### पांच परिवर्तनों पर संघ का जोर

खांडेकर ने कहा कि संघ आज समाज जीवन में पांच प्रमुख परिवर्तनों के माध्यम से कार्य कर रहा है। जिनमें कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध (स्वदेशी नागरिक), शिष्टाचार, पर्यावरण और सामाजिक समरसता शामिल हैं। उन्होंने जोर दिया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रत्येक व्यक्ति, परिवार और राष्ट्र में इन्हीं सकारात्मक भावों को जागृत करना चाहता है।





### गांव-गांव तक पहुंचे संघ कार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुकुंद सिंह राजपूत ने संघ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत बढ़िया कार्य है और इसे गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। बौद्धिक कार्यक्रम के समापन के पश्चात गांव के स्वयंसेवक कार्यकर्ता गण और प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में भव्य पद संचलन निकाला गया।

# रमन काल में सर्वाधिक बढ़ी सिंचाई क्षमता, भूपेश कार्यकाल में सबसे कम वृद्धि : अशोक चौधरी



किसान नेता की मांग : कागजी नहीं, वास्तविक सिंचाई क्षमता बढ़ाए सरकार, गर्मी में धान छोड़ दलहन-तिलहन उगाएं किसान

राजनंदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने छत्तीसगढ़ के किसानों के हित में सिंचाई योजना बनाने वाले कांग्रेस और भाजपा के मुख्यमंत्री काल की चर्चा करते हुए कहा कि प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने छत्तीसगढ़ की सिंचाई रकबा बढ़ाने के लिए बहुत सारे योजनाओं की कल्पना की। मैं इसका गवाह हूं। क्योंकि मैं उस कार्यकाल में प्रदेश सिंचाई समिति में सदस्य था। मध्य प्रदेश के समय जो सिंचाई क्षमता छत्तीसगढ़ प्रदेश में 13 लाख हेक्टेयर थी थी। उसे बढ़कर 15 लाख हेक्टर से ज्यादा प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी के प्रयास से किया गया, लेकिन सर्वाधिक सिंचाई रकबा बढ़ाने का काम डॉ. रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्री काल में किया। 15 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 20 लाख साठ हजार हेक्टेयर जमीन तक सिंचाई क्षमता बढ़ाने का कार्य किया। सबसे कम भूपेश बघेल के कार्यकाल में सिंचाई क्षमता बड़ीद्ध जो कुल 40000 हेक्टेयर ही 5 साल में सिंचाई क्षमता बढ़ा पाए। आज लगभग 22 लाख हेक्टेयर से ज्यादा जमीनों को सिंचाई उपलब्ध हो पा रही है।

कहने का तात्पर्य है कि पिछले डेढ़ वर्ष में विष्णुदेव सरकार ने 1 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता में वृद्धि की है, लेकिन यह सब क्रियान्वयन में नहीं हो पा रहा है। प्रदेश में वास्तविक सिंचाई लगभग 13 लाख 25 हजार हेक्टेयर में ही हो पता है। इसका कारण है कि पुरानी जितने भी बांध है उसमें भराव हो गया है और वह अपने वास्तविक क्षमता से आधे से भी कम जमीनों में सिंचाई उपलब्ध करा पा रहे हैं, इसलिए वास्तविक सिंचाई क्षमता और कागज पर जो सिंचाई क्षमता है। उसको जल्दी ही ठीक करने से छत्तीसगढ़ में फसल उत्पादन में और वृद्धि हो सकती है। वर्तमान में प्रदेश में फसल चक्र परिवर्तन की दिशा में जोर-जोर से प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए मक्का, सरसों और कुछ कछार वाले एरिया में आलू-प्याज के उत्पादन पर जोर दिया जा सकता है।

किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि गर्मी में धान की फसल बिल्कुल भी किसानों को नहीं लेना चाहिए। क्योंकि इसमें जितना पानी लगता है। उसके मुताबिक किसानों को आय नहीं हो पता है। किसान केवल धान की खेती में सहूलियत को देखते हुए धान की खेती करते हैं। हमारे देश में दलहन और तिलहन की कमी है। यदि हम सरसों, चना आदि की खेती करते हैं तो इसमें पानी भी कम लगता है और इसके दाम भी अच्छा मिल सकता है, इसलिए किसानों को सरकार की चिंता में शामिल होकर धान के बदले दूसरी फसल लेने का विचार करना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार ने दलहन और तिलहन की समर्थन मूल्य पर फसल खरीदने की घोषणा की है। यहीं पानी बचाने और पर्यावरण सुधारने की दिशा में किसानों का योगदान हो सकता है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना : किसानों को अधिक वर्षा से प्रभावित फसल की क्षतिपूर्ति के लिए मिलेगी राहत

राजनांदगांव (दावा)। जिले में लगातार हो रही वर्षा से दलहन एवं तिलहन फसल के क्षति होने की संभावना बढ़ गई है। जिसके कारण खेतों में काट कर रखे गए फसल के साथ-साथ खड़ी फसल को भी नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमित किसान जिले हेतु अधिसूचित बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के बीमा प्रतिनिधि, कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों से संपर्क कर फसलों को हुए क्षति के बारे जानकारी दे सकते है। इसके साथ ही बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर सूचना देकर या चैट बॉक्स में मैसेज कर फसल क्षति की जानकारी दे सकते हैं। जिससे जानकारी प्राप्त होने के तुरंत बाद बीमा कंपनी के प्रतिनिधि किसानों के खेतों का निरीक्षण कर आकलन के आधार पर 25 प्रतिशत दावा भुगतान की राशि व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति हेतु जारी करने कार्रवाई कर सकते है।



उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि स्थानीय आपदा अंतर्गत अत्यधिक वर्षा से खेत में काट कर रखें फसलों को नुकसान होने पर किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति दावा कर भुगतान प्राप्त कर सकते है। जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा करवाया है, तो गैर ऋणी व ऋणी कृषक बारिश व आपदा से फसल कटाई के 14 दिवस तक कटाई उपरांत खेत में पड़ी फसल खराब होने की दशा में टोल फ्री नंबर 14447 या क्रॉप इंस्योरेंश एप या पीएमएफबीवाय वॉट्सएप चेटबोट 7065514447 पर शिकायत 72 घंटे के अंदर दर्ज करा सकते है। जिससे कंपनी द्वारा उनके खराब फसल का निर्धारित समय में सर्वे कर किया जा सके और किसान को उचित मुआवजा मिल सके।

चैट बॉट के माध्यम से कृषक अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप चैट बॉट नंबर 7065514447 पर मैसेज कर सीधे फसल खराब की शिकायत दर्ज करा सकते है। किसान कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर कॉल कर आधार कार्ड नंबर से फसल खराब की शिकायत दर्ज करा सकते है। ऋणी कृषक जिस बैंक से केसीसी उठा रखा है, उस बैंक शाखा से पॉलिसी नंबर प्राप्त कर खराब फसल की शिकायत दर्ज करा सकते है। ऋणी व गैर ऋणी कृषक पीएमएफबीवाय पोर्टल पर फार्मर कॉर्नर ऑप्शन पर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से अपने पॉलिसी नंबर का पता कर खराब फसल की शिकायत दर्ज करा सकते है। कृषक पीएमएफबीवाय फसल बीमा एप पर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से लॉग इन कर फसल खराब होने की शिकायत दर्ज करा सकते है।

# निर्माणाधीन डिवाईडर बना मौत का जाल : तीन किलोमीटर में चालीस बेतरतीब कट

### डोंगरगांव में संकेतक रहित डिवाईडर से टकराई कार, पांच लोग गंभीर घायल

डोंगरगांव (दावा)। शहर में वर्षों से चल रहा सड़क और डिवाईडर का निर्माण राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। बेतरतीब ढंग से बनाए गए डिवाईडर के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि महज तीन किलोमीटर की दूरी में डिवाईडर में लगभग चालीस स्थानों पर कट दिए गए हैं, जो यातायात सुरक्षा के मानदंडों का उल्लंघन है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माणाधीन डिवाईडर पर कहीं भी संकेतक (साइनबोर्ड) नहीं लगाए गए हैं। जिसके चलते रात में या तेज गति में आने वाले वाहनचालक अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।



### हादसे में पांच लोग घायल

इसी क्रम में 11 अक्टूबर शनिवार की संध्या राजनांदगांव की ओर से आ रही एक कार (क्रमांक सीजी04 एलपी 3286) जय सेवा पेट्रोल पंप के समीप अचानक डिवाईडर से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में कार में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सभी सवार राजनांदगांव से वापस अपने ग्राम बांधाबाजार और चौकी की ओर जा रहे थे। स्थानीय युवकों की तत्परता से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

## अनमोल दावा

**"हर समस्या अपने साथ समाधान भी लाती है, बस देखने की नजर चाहिए।"**

# हिंदू को बांटो, लड़ाओ, खरीदो और बनाओ गंवार !

**हरिशंकर व्यास**

सोचें, भारत में सामाजिक (हिंदू) समरसता का कौन-सा मॉडल प्रदेश है? मेरा मानना है मध्य प्रदेश! और वहां अभी क्या हल्ला हुआ? भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत करने के कमलनाथ सरकार के पुराने फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद की है कि कांग्रेस कई वर्षों तक सत्ता में रही लेकिन उसने किसी वर्ग के साथ न्याय नहीं किया। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। हमें उम्मीद है कि अदालत मध्यप्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी देगी÷। अर्थात भाजपा/संघ परिवार/मोहन यादव सरकार राज्य की ओबीसी (51 प्रतिशत), अनुसूचित जाति (एससी) 15.6 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) 21.1 प्रतिशत के तीनों वर्गों की राज्य में कथित 87 प्रतिशत आबादी के अनुपात में आगे आरक्षण का झुनझुना/रोडमैप सोचे हुए है। और यह सब मोदी सरकार की 11 वर्षों की राजनीति का नतीजा है। जैसे भी हो सत्ता बनाए रखने की जिद्द की इस राजनीति ने कांग्रेस और राहुल गांधी को यदि जितनी आबादी, उतना हक़÷ के एजेंडे की ओर धकेला है तो सुप्रीम कोर्ट तथा जनगणना से भाजपा हिंदू समाज को आगे और बिखेरने वाली है।

कैसे? मोदी सरकार 2027 में जनगणना कराएगी। अंग्रेजों की कराई 1931 की जाति जनगणना के लगभग सौ साल बाद स्वतंत्र भारत की पहली बार फिर जाति जनगणना होगी। यह जनगणना जाति के साथ उपजाति, पिछड़े, अतिपिछड़े जैसे अलग-अलग समूहों के खांचों में होगी। जैसे कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार लिंगायतों को बांटने, हिंदू धर्म से उन्हें अलग करने, लिंगायत के भीतर लिंगायत बनाम वीरशैव का झगड़ा बनाने की कोशिश में है वैसे ही अगली जनगणना में पिछड़ों में अति पिछड़ों का वर्गीकरण भी बनेगा। मतलब अति पिछड़ों के वर्गीकरण में यदि हिंदू जाट की उपजातियों जैसे बैंस, भुल्लर, अटवाल आदि की आर्थिक हैसियत के आगे पिछड़े, अति पिछड़े जाट के समूह बने तो आश्चर्य नहीं होगा! क्योंकि जाति जनगणना के पीछे एकमेव मंत्र 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुओं को इतना और बांटना है कि मोदी नए वर्ण विभाजन के फार्मूलों में योजना, स्कीम बना कर लोगों



के खाते में पैसे डालने के नए फैसले ले सकें, जिससे वोट पके। मतलब ताजा बिहार मॉडल की तरह 2029 में अखिल भारतीय स्तर पर बांटो, लडाओ (जातीय पहचान-हक-आरक्षण की भूख में) के साथ स्कीमों व आरक्षण के जरिए वोट पटाने का महाअभियान!

मतलब राहुल गांधी, कांग्रेस, तेजस्वी याकि जातीय-क्षेत्रिय राजनीति के धुरंधरों की पिछड़ा-दलित-आदिवासी राजनीति को जनगणना और उसके बाई प्रोडक्ट की योजनाओं-घोषणाओं-झांसों के महाप्रोपेगेंडा से खारिज करा देना।

भयावह सिनेरियो है। मगर अंग्रेजों ने जैसे 1905 में बंग-भंग से बीज बो कर 1947 में हिंदू-मुस्लिम विभाजन तय कराया वैसे नरेंद्र मोदी दिल्ली के वे आखिरी हिंदू शासक संभावी हैं, जिनकी जातीय जनगणना और जातीय आरक्षण की आग में हिंदू राष्ट्रवाद वैसे ही मिट्टी में मिलेगा देने जैसे पृथ्वीराज चौहान के आखिरी शासन की आखिरी हिंदू सत्ता थी! विदेशी गुलामी से पहले की!

सोचें, हिंदू मोदी राज में कैसा-क्या है? आरक्षण व्यवस्था लागू होने के 75 वर्ष बाद भारत का दलित चीफ जस्टिस, दलित आईपीएस एडीजीपी, एक दलित कांस्टेबल की हालिया प्रतिनिधि घटनाओं, व्यवहार, अनुभव से क्या यह नहीं मालूम होता कि आरक्षण व्यवस्था पूरी तरह फेल है! इसने हिंदू समाज में समानता की बजाय समरसता, परस्पर मान-सम्मान, सद्भावपूर्ण व्यवहार को न केवल और खराब किया है, बल्कि जातीय पूर्वाग्रहों, वैमनस्य, दुराव, नीचताओं की हद पार करा दी है।

सचमुच हर हिंदू को (जितनी आबादी, उतना हक का सामाजिक न्याय चाहने वालों को अवश्य) हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस एडीजीपी पुरण कुमार के सुसाइड नोट तथा घटना के बाद उनकी पत्नी आईएएस अधिकारी अनमित कुमार की शिकायत-एफआईआर को पढ़ना चाहिए। समझ आएगा कि आरक्षण की व्यवस्था ने हिंदू समाज को मानसिक उत्पीडन की भट्ठी बना दिया है। पूरा समाज, पूरी आबादी जल रही है, खोखला गई है। जिसे आरक्षण मिला और जिसे नहीं मिला, सभी भूख, उत्पीडन, जलालत, भेदभाव की भट्ठी में जलते हुए है। सोचें, भारत के चीफ जस्टिस गवई पर! भारत राष्ट्र की सत्ता-व्यवस्था के एक स्तंभ न्यायपालिका के प्रमुख। वे आरक्षण से नहीं बने। पर आरक्षण से चिन्हित हुई जाति के वे पर्याय दलित हैं तो उन पर जूता फेंकना सोशल मीडिया में आज तर्कसंगत व प्रशंसनीय है या फिर हिंदू धर्म को गालियां हैं तो सत्य क्या जाहिर? पूरा समाज ही आरक्षण से मानसिक रोगी है। सोचें, तब भारत राष्ट्र-राज्य कैसा रोगी, खोखला, अशक्त और असहाय है!

इसे नई ऊंचाईयां मोदी राज से हैं। नरेंद्र मोदी से पहले तक कांग्रेस, भाजपा, लेफ्ट के राष्ट्रीय राजनीति के नैरेटिव में मंडल-कमंडल दोनों सीमाबद्ध थे। पर अब यदि राहुल गांधी का जितनी आबादी, उतना हक़÷ का पागलपन है तो वजह मोदी-शाह द्वारा जात राजनीति, पिछड़ावाद से वोट प्रबंधन हैं।

मोदी सरकार ने पूरी राजनीति को ही जब धर्म, जात, पैसे और लोगों को गंवार बनाने के प्रोपेगेंडा की फैक्टरी में कनवर्ट कर दिया है तो विपक्ष क्या करेगा? यह नोट रखें कि जो दिशा है उसमें मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट से आरक्षण की सीमा 75-84 प्रतिशत (मतलब जितनी आबादी, उतना हक) बढ़वा देगी। वही जातीय जनगणना के बाद फिर 2029 के चुनाव में प्राइवेट क्षेत्र में आरक्षण लागू कराने का वादा होगा! इसलिए क्योंकि चुनाव किसी भी सूरत में जीतना है। फिर यों भी भारत को आगे बुद्धि, काबलियत की जरूरत नहीं है। अमेरिकी कंपनियों की एआई (कृत्रिम बुद्धि-काबलियत) से ही भारत चलना है।सो मोदी-भाजपा-संघ की यह आखिरी देन तय है जो भारत हर तरह से गुलाम, अक्षम, नाकाबिल और पूरी तरह से जातियों-धर्म की जिद्द में लड़ता-झगड़ता-मनोरोगी होगा!

## टिकाऊ शांति का रास्ता?

फिलहाल, गजा के बाशिंदों को बड़ी राहत मिली है। मगर अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने दो-राज्य सिद्धांत के तहत स्वतंत्र फिलस्तीन की स्थापना करवाने की चुनौती है, जिसके बिना कोई समझौता स्थायी शांति नहीं ला पाएगा।

इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते के पहले चरण पर सहमति बनने के साथ गज़ा में लड़ाई रुकने की संभावना मजबूत हुई है। यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की 20 सूत्री शांति योजना के तहत हुआ। इसके मुताबिक इजराइल हमले तुरंत रोकने और गज़ा से अपनी फौज की आंशिक वापसी पर राजी हुआ है। बदले में हमास 20 जिंदा इजराइली बंधकों और 28 बंधकों के शव लौटाएगा। इजराइल उम्र कैद काट रहे 250 से अधिक फिलस्तीनियों को रिहा करेगा। इसके अलावा वह 1,700 उन फिलस्तीनियों को रिहा करेगा। जिन्हें सात अक्टूबर 2023 के बाद से उसने हिरासत में ले रखा है। इसके बाद क्या होगा। इस पर शांति समझौते के दूसरे चरण में बातचीत होगी। इस दौरान गजा में राजनीति प्रशासन एवं सुरक्षा का नया ढांचा बनाने के सवाल पर वार्ता होगी। इस पर रजामंदी होना ज्यादा मुश्किल हो सकता है। हमास ने कहा है कि 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता और आत्म-निर्णय का अधिकार' हासिल करने के संकल्प पर वह अडिग है। गज़ा का प्रशासन फिलस्तीनियों के हाथ में रहे, इसे वह सुनिश्चित करेगा। क्या इजराइल इसके लिए राजी होगा? या इस सवाल पर बातचीत टूट जाएगी और फिर से गजा में मानव संहार का नजारा देखने को मिलेगा? ये इस समय सबसे प्रासंगिक प्रश्न हैं। हमास ने टिकाऊ शांति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी समझौते के गारंटर ट्रंप तथा उन अरब-इस्लामी देशों पर डाली है, जिनके हस्तक्षेप से समझौते का पहला चरण संपन्न हो सका।

आम समझ है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस समझौते के लिए तैयार नहीं थे, मगर ट्रंप का दबाव निर्णायक साबित हुआ। ट्रंप ऐसे ही रुख पर कायम रहे, तो शायद बात आगे बढ़ सकेगी। फिलहाल, गजा के बाशिंदों को बड़ी राहत मिली है। इजराइली हमलों में लगभग 67,000 लोग मारे गए। गजा का बुनियादी ढांचा लगभग तबाह हो गया है। अब उसके पुनर्निर्माण और वहां बचे लोगों को नई जिंदगी देने की चुनौती अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने है। मगर उसके सामने उससे भी बड़ी चुनौती दो-राज्य सिद्धांत के तहत स्वतंत्र फिलस्तीन की स्थापना करवाने की है, जिसके बिना कोई समझौता स्थायी शांति नहीं ला पाएगा।

## विचार सरिता

## जीवन कौशल : जहां गलती दूसरों की है, आपकी नहीं, वहां मन में पीड़ा का अनुभव न करें

**योगेंद्र कुमार पांडेय**



अनेक बार ऐसी स्थिति बनती है, जब आप को दूसरों की गलती या त्रुटि के कारण दुख पहुंचता है। सबके सामने ऐसी स्थिति में आपकी गलती न होते हुए भी आप खीझकर और मन मसोसकर रह जाते हैं। सामने वाला व्यक्ति आपकी आंखों में धूल झोंककर चला जाता है और आप अपने पास उस व्यक्ति के विरुद्ध कोई साक्ष्य न होने के कारण कुछ नहीं कर पाते हैं।

उदाहरण के लिए आपने अपने ऑफिस में कोई चाबी निर्धारित की-स्टैंड में रखी है। संयोग से आपने किसी सहकर्मी को उस की-स्टैंड से निकालकर चाबी का उपयोग करने उसे ले जाते देखा। काम होने के बाद उस व्यक्ति ने वह चाबी वहां वापस नहीं रखी।

अब आपको पुनः उस चाबी की आवश्यकता हो और स्वाभाविक ही की-स्टैंड में उसके नहीं मिलने पर आप उस व्यक्ति से इस तरह कहेंगे :

'क्या आपने वह चाबी की स्टैंड में वापस नहीं रखी?'

वह व्यक्ति लापरवाही से कह सकता है, 'नहीं। मैं तो जब निकालता हूँ, तब काम के बाद वापस रख देता हूँ।'

'पर वह चाबी अभी स्टैंड में नहीं है। सुबह आपने ही तो निकाला था।' आप तर्क देते हैं।

'गलत बात! आज मैंने निकाला ही नहीं है। आप ही इसका अधिक उपयोग करते हैं। अतः चाबी आपके पास ही कहीं होगी।' वह व्यक्ति पुनः बेफिक्र अंदाज में उल्टे आप को ही इसके लिए दोषी ठहरा देता है।

संयोग से खोज-बीन में वह चाबी उसी व्यक्ति की टेबल पर मिल जाए, तब भी वह यही कहेगा, 'अरे! इस चाबी को यहाँ किसने रख दिया था?'

ऐसी अटपटी स्थिति में आप कर ही क्या सकते हैं? आप सही होते हुए भी उस व्यक्ति को दोषी सिद्ध करने में अपना समय बर्बाद न करें। आप दोषी नहीं हैं। अतः स्वयं में पीड़ा का अनुभव क्यों करें? उस व्यक्ति के प्रति अपने मन में अनावश्यक कड़वाहट पालने से भी कोई लाभ नहीं है, क्योंकि वह आपकी तरह व्यवस्थित स्वभाव वाला नहीं है। ऐसे में यह मानकर अपने काम में जुट जाएँ कि ऐसे अव्यवस्थित और लापरवाह लोग भी दुनिया में होते हैं, जो किसी भी स्थिति में अपनी गलती नहीं मानने वाले हैं।

## (जन्मदिन कविता)

## सच मानो पल-पल प्यारा...

सांसों के सरगम में बाजे, अपने कर्मों का ताल।
रीततीं जातीं क्षण-क्षण, गुजर जाता एक साल।।
गुजर जाता एक साल, मनाते जन्मदिन हम सब।
कभी न बीते ये खुशियाँ, आखिर दुआओं में सब।।

जो अपने हैं भर-भर देते, शुभकामनाएं शुभेच्छा।
अगले पल का पता नही, क्या है परमेश्वर इच्छा।।
क्या है परमेश्वर इच्छा, इच्छाओं का खेल सारा।
इच्छाओं से ही तो बनता, यह जग प्यारा-न्यारा।।

धुंध सी कुछ यादें होतीं, कुछ उजली-उजली सी।
कौंधता जो रह-रहकर, जो होतीं है बिजली सी।।
जो होतीं है बिजली सी, खोने-पाने का मर्म वहीं।
जो हासिल किया है तूने, बन पाया क्या वर्म सही।।

पाल रहे खुशफहमियां, जिसे बचाते लड़-लड़कर।
भुला देती हैं भीड़ अक्सर, इनसे रह पायें बचकर।।
इनसे रह पायें बचकर, होता सफर आसान तभी।
अस्तित्व जाने बिन जाना, जो हासिल व्यर्थ सभी।।

कड़वी यादों के साये से ही,
लोग सभी परेशान है।
खट्टी-मीठी यादों के संग,
जीवन कुछ आसान है।।
जीवन कुछ आसान है,
खुद क्लिष्ट बनाओ न यारा।
रोज मनाना जन्मदिन,
सच मानो पल-पल प्यारा।।



**– रोशन साहू 'मोखला'**
**(राजनांदगांव)**

# भाजपा ने बिहार खरीदा, जीत लिया!

**हरिशंकर व्यास**

हो सकता है मैं गलत हूं, फिर भी मेरा मानना है बिहार मोदी-शाह की गोद में है। तेजस्वी, राहुल गांधी, प्रशांत किशोर किसी का कोई अर्थ नहीं। इन सबकी याकि विपक्ष की दिक्कत है जो नहीं समझते कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह चौबीस घंटे सत्ता की भूख में जीते हैं। कैसे भी हो सत्ता में रहना है। सोचें, ईस्ट इंडिया कंपनी के बनिया अंग्रेज और मोदी-शाह में क्या समानता है? फूट डालो, राज करो और खरीदो! त्रासद है उस इतिहास को याद कराना। पर तथ्य याद करें कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1757 में पलासी और 1764 में बक्सर के युद्ध को जीता था तो उसमें तब बिहार भी था। पता है क्लाइव की सेना में कुल तीन हजार सैनिक थे! इसमें गोरे सैनिक केवल आठ सौ थे! जबकि हिंदुस्तानी सेना में पचास हजार सैनिक थे। मगर क्लाइव ने स्थानीय जगत सेठों के पैसे का इस्तेमाल किया। मीर जाफर और उनके सैनिकों को खरीद लिया। सो, अंग्रेज बनिया जीते और फिर दो सौ साल बंगाल, बिहार और उड़ीसा को लूटा। सो, बांटना, जीतना, लूटना अंग्रेजों का बताया मंत्र है।



भला मोदी-शाह की ईस्ट इंडिया कंपनी याकि क्रोनी जगत सेठों के हिस्सेदारी वाली कंपनी क्यों चूके? ध्यान रहे बिहार को मोदी-शाह की टीम ही चला रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जनता दल यू पूरी तरह मोदी-शाह की राजनीति, प्रबंधकीय व्यवस्थाओं, वोट पकाने की असेंबली लाइन से निर्देशित हैं। मैंने 2017 के उत्तर प्रदेश चुनाव के बाद विश्लेषण किया था कि चुनाव का मतदान अब मोदी-शाह की असेंबली लाइन में धड़ाधड़ वोटों का उत्पादन है। इसलिए क्योंकि दोनों की गणित में ए टू जेड के सभी विकल्प हैं, जुमले हैं, प्रबंधकीय व्यवस्थाएं हैं। और यह सत्य लगातार साबित हुआ है। बिहार के मामले में अपने को इसलिए दिलचस्पी थी क्योंकि प्रशांत किशोर बिहार और मोदी-शाह को गहराई से जानते-समझते हैं तो वे कुछ ऐसा नया, अनहोना करेंगे जिससे कुछ उलटफेर हो।

पर वे भी फेल होते लगते हैं। इसलिए क्योंकि उन्हें यह अनुमान नहीं रहा होगा कि चुनाव से ऐन पहले लगभग पूरी आबादी को अलग-अलग टुकड़ों में बांट, उनके अलग-अलग प्रतिनिधि ग्रुप बनाकर सीधे खातों में इतनी नकदी पहुंचा दी जाएगी कि घर-परिवार के लोग बाकी सब भुला देंगे। मेरा मानना है महिलाओं के खातों में दस हजार रुपए की नकदी पहुंचाना निर्णायक है। जिस प्रदेश में कुछ सौ रुपए, हजार-दो हजार रुपए के लिए लाठी चले, जान चली जाए वहां दस-दस हजार रुपए महिला के खाते में पहुंचे और उस पैसे से छठ का त्योहार मने तो वह तो उनके लिए अमृतकाल ही होगा!

कहते हैं इतनी स्कीमों, इतने बहानों की आड़ में सरकार से बिहार में पैसा बंटा है कि कोई हिसाब नहीं लग सकता। तभी ईवीएम से कथित धांधली या चुनाव आयोग की हेराफेरी या हिंदू बनाम मुस्लिम की बिहार में जरूरत नहीं होगी। बिहार का यह चुनाव सरकारी पैसे से जीता जाएगा। चुनाव में वादों से पहले ही जब पैसा बंट गया है, लोगों को खरीद लिया है तो चुनाव में भी वादों व खैरात के अलग नैरेटिव और जमीनी प्रबंध होंगे। इसलिए भाजपा-जनता दल यू की छप्पर फाड़ जीत तय है।

## लघुकथा : प्रेम का पेंट

**विजय मिश्रा 'अमित'**



दीपावली के पूर्व डीएसपी प्रदीप भोले के बंगले की साफ-सफाई लिपाई-पुताई हो रही थी। पुताई करते समय एक अधेड़ पेंटर के हाथ से पेंट का डिब्बा छूटकर गिर गया और फर्श पर बिखर गया। यह देखकर डीएसपी भोले जी की मेमसाब गुस्से में चिल्ला पड़ी- एक काम भी ठीक से नहीं हो सकता तो काम पर आते क्यों हो? इतनी महंगी पेंट गिरा दिया। अरे कभी अपने घर की दीवार पर लगाकर देखा है?

मेमसाब की फटकार सुनते हुए अधेड़ पेंटर जमीन पर बिखरे पेंट को चुपचाप समेटने में लगा था। तभी वहीं पर खड़ी प्रदीप भोले की नन्ही बिटिया पूछ पड़ी- पेंटर काका, आपने अपने घर की दीवारों पर ऐसे पेंट को लगा कर देखा है क्या? इस पर अधेड़ पेंटर ने रूंधे हुए गले से कहा- बेटी, हमारे पास तो घर ही नहीं है। दीवार कहां से होगी। पेंटर काका की बात सुनकर सोनिया अपनी मम्मी के पास गई और बोली- मम्मी जी, पेंटर काका के पास तो घर ही नहीं है। हमारा घर तो बहुत बड़ा है। उसमें से एक कमरा तो हम पेंटर काका को दे सकते हैं न। काका के प्रेम प्यार का रंग पेंट हमेशा हमारे घर को खूबसूरत बनाए रखेगा। सोनिया की उदारता देखकर मेमसाब मन ही मन शर्मसार हो गईं। उनके चेहरे पर आत्मग्लानि के भाव उभर आए थे। एक पल गंवाए बिना वे बोली-सॉरी पेंटर काका। यह सुनकर पेंटर काका की आंखें डबडबा गई। उसने कृतज्ञतापूर्वक सोनिया को देखा जो कि अपनी झालरदार फ्राक को हाथ से पकड़े चकरी की तरह गोल गोल घूम रही थी।

**पूर्व महाप्रबंधक( जन)**
**अग्रोहा कॉलोनी रायपुर (छग)**

## तंगी से तंग



सोचता हूँ! तंगी से तंग होकर व्यंग लिख डालूँ। जहां तहां भ्रष्टाचार का बोल बाला, कभी कोई अंदर तो कभी कोई बाहर। सोचता हूँ! रोज-रोज तंगी से तंग होकर क्यों न कर डालूं भ्रष्टाचार। जेल में रहूँ, वीआईपी बनकर सुविधा सहित। जेल के बाहर सड़कों पर हल्ला करेंगे। वो मेरे साधने वाले हित।

**– गजेंद्र बख्शी**
**रिद्धि सिद्धि कालोनी, राजनांदगांव**

## कविता

## बड़ा ही महत्व है

कक्षा में शिक्षक का, स्कूल में बालक का
प्रेरणा में पालक का, कारखाने में मालिक का
बड़ा ही महत्व है....
जिंदगी में पढ़ाई का, दुनिया में कमाई का
कपड़े में सिलाई का, पकवान में मिठाई का
बड़ा ही महत्व है...
रिश्ते में साला का, गांव में लाला का
दरवाजे में ताला का, शहरों में धर्मशाला का
बड़ा ही महत्व है...
भारत में नोट का, चुनाव में वोट का
सागर में बोट का, सूट में कोट का
बड़ा ही महत्व है...
अमेरिका में डॉलर का, क्रिकेट में बॉलर का
इंद्रधनुष में कलर का, शर्ट में कॉलर का
बड़ा ही महत्व है...
टॉर्च में सेल का, यात्रा में रेल का
दोस्ती में मेल का, शतरंज में खेल का
बड़ा ही महत्व है...
रोड में गिट्टी का, खेत में मिट्टी का
स्वाद में खट्टी का, पत्रों में चिट्ठी का बड़ा ही महत्व है...



***– थगेश्वर कुमार साहू***
***साहित्यकार, राजनांदगांव***

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। किसी कार्य को पूरा करने में पुरानी कम्पनी का अनुभव काम आएगा। अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए हैं। आज किसी से अपने मन की बात शेयर करेंगे, वे आपकी बातों की अहमियत देंगे। परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे।

**वृष राशि** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है। सफलता के योग बने हुए हैं। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिल सकती है। परीक्षा का बेहतर परिणाम हासिल होगा। लवमेट एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे। व्यापार में आ रही समस्याएं आज समाप्त होंगी।

**मिथुन** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा। शिक्षण संस्थान से जुड़े लोगों को ज्यादा लाभ होगा। स्टूडेंट अपने आप पर भरोसा बनाए रखें, जल्द ही सफलता मिलेगी। आज आप अपने बच्चे के अच्छे भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम उठा सकते हैं।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें, इससे बना बनाया काम बिगड़ सकता है। मित्रों की सलाह भी ले सकते हैं। किसी के प्रति प्रतिशोध की भावना न रखें। जैसी आपकी सोच रहेगी, वैसे ही अनुभव मिलेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें। अवसर मिलने पर उसका फायदा उठाएं। काम पर ध्यान बनाए रखें। जीवनसाथी घर के कार्यों में मदद करेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को बड़ा मुनाफा होगा। पिता से कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।

**तुला** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें। जिस काम की शुरुआत करेंगे, वह समय पर पूरा होगा। कोर्ट से संबंधित कोई मामला चल रहा है तो उसके सुलझने की पूरी उम्मीद है।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी और सीनियर आपके काम से खुश रहेंगे और तारीफ करेंगे। सभी जरूरी काम आसानी से पूरे होंगे।

**धनु** — आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है।छोटी-छोटी परेशानियां जल्द दूर होंगी। परिवार में सुखद माहौल रहेगा। व्यापार में मिली जिम्मेदारियों को सफलता से निभाएंगे। फर्नीचर व्यापारियों को उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा।

**मकर** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। कोई विश पूरी होगी जिससे खुशी मिलेगी।

**कुंभ** — आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे। स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। परिवार में सामंजस्य से शांति का माहौल रहेगा। प्रकृति के बीच समय बिताने से फ्रेशनेस महसूस होगी। आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक होगी।

**मीन** — आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। अफवाहों पर ध्यान न दें। ऑफिसियल यात्रा संभव है, जो शुभ होगी। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान करेंगे। छात्रों के लिए सफलता का दिन साबित होगा, बस थोड़ी और मेहनत करें।

# कटे पीपल की याद में बनेगा हनुमान मंदिर : देवला बाई के आंसू देख विधायक यशोदा वर्मा ने दी 3 लाख रुपए की सौगात

### जहां रोया था गांव, वहीं अब बनेगा विश्वास का मंदिर, विधायक ने ट्राईसाइकिल दिलाने का भी दिया आश्वासन



खैरागढ़ (दावा)। शहर से लगभग दो किलोमीटर दूर ग्राम सर्रागोंदी में हाल ही में आस्था के केंद्र, 22 वर्ष पुराने एक पीपल के पेड़ को रात के अंधेरे में काटे जाने की दुखद घटना के बाद ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। क्षेत्र की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने भावुक होकर उसी स्थान पर हनुमान मंदिर निर्माण के लिए तीन लाख रुपये की घोषणा की है।

रविवार को घटना की जानकारी मिलते ही विधायक वर्मा अपने कार्यकर्ताओं के साथ सर्रागोंदी पहुँचीं और ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान 91 वर्षीय देवला बाई पटेल जिन्होंने वर्षों तक इस पेड़ की देखभाल अपने बच्चे की तरह की थी। उनकी आंसू भरी आँखों को देखकर विधायक वर्मा भावुक हो उठीं।

### 3 लाख रूपए की घोषणा

ग्रामीणों की भावनाओं को समझते हुए विधायक वर्मा ने तुरंत घोषणा की कि कटे हुए पीपल के पेड़ की याद में उसी स्थान पर हनुमान मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। जिसके लिए 3 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। उन्होंने मंदिर की घेराबंदी और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी अतिरिक्त सहयोग देने का आश्वासन दिया। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया कि विधायक की इस पहल से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। देवला बाई पटेल ने भावुक होकर विधायक को आशीर्वाद दिया।

**अन्य पहलः** इस अवसर पर विधायक वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रुद्राक्ष के पौधे भी लगाए। साथ ही मौके पर उपस्थित विकलांग विश्राम यादव को जिला कलेक्टर से मिलकर ट्राईसाइकिल दिलाने का आश्वासन भी दिया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, सरपंच फुलेस्वरी साहू, उपसरपंच मेघू राम साहू, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम बम्हनी-चारभांठा में पैतृक जमीन पर भाईयों ने किया अवैध तरीके से कब्जा

छुरिया (दावा)। समीपस्थ ग्राम बम्हनी-चारभांठा में अपने पिता की पैतृक जमीन को अवैध तरीके से कब्जा करके बाकी हकदारों को जमीन से वंचित करने का मामला सामने आया है। जिसमें 19 एकड़ खेत को बिना किसी जानकारी के गुपचुप तरीके से अपने नाम कराकर जमीन के मालिक बन बैठे हैं।

ग्राम बम्हनी-चारभांठा निवासी धनेश टांडेकर ने बताया कि पटवारी हल्का नं. 00009 रा.नि.मं. तहसील छुरिया राजनांदगांव ने बताया कि उनके पिता सुखऊराम के नाम से 19 एकड़ कृषि भूमि उनके नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज था। जिसमें से उनके पिता अपने जीवनकाल में जीते जी 14/09/1997 में कृषि भूमि को 17 गवाहों की उपस्थिति में अपने तीनों पुत्र हरीशचंद्र को 5 एकड़, महेश टाण्डेकर को 4.58 एकड़ एवं धनेश कुमार को 5.10 एकड़ जमीन का लिखित बंटवारा किया था और बाकी बची जमीन को अपने और अपनी पत्नी के उपयोग के लिए रखा था। अब इसमें से हरीश टाण्डेकर पुलिस निरीक्षक मस्तूरी बिलासपुर, महेश टाण्डेकर व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल भड़सेना, कौशलेन्द्र टाण्डेकर टेक्नीशियन विधि विज्ञान प्रयोगशाला, तरूण टाण्डेकर, अरूण टाण्डेकर एवं तत्कालिन प.ह.नं. 00009 पटवारी आदि ने अपने



**5 करोड़ की जमीन को अपने नाम कराकर हकदारों को किया वंचित**

सरकारी पद का गलत उपयोग करके पैतृक संपत्ति में अपने भाई-बहन का जीते जी एवं छलकपट से स्वयं अपने एवं अपने बच्चों के नाम पर कृषि भूमि को आवेदकगणों की बिना सहमति एवं जानकारी के कृषि जमीन को अपने व अपने बच्चों के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराकर कब्जा कर लिया है।

जैसा कि धनेश टाण्डेकर ने बताया कि यह 19 एकड़ कृषि भूमि जिसकी वर्तमान में कीमत लगभग 5 करोड़ होगी। उस जमीन को तत्कालीन पटवारी बीरू पटवारी एवं तत्कालीन तहसीलदार की मिलीभगत से यह सब काम हुआ है और इस जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। इस जमीन को कब्जा कराने के लिए पटवारी और तहसीलदार की मिलीभगत एवं सांठगांठ से बिना राजस्व प्रकरण दर्ज किये, बिना सुनवाई किये, बिना इश्तहार प्रकाशन कराये, तथ्यों को छुपाकर अपने नाबालिक बच्चों के नाम पर फर्जी पट्टा बनवाये और बच्चों के बालिक होते ही अपने और अपने बच्चों के नाम पर पट्टा बनवाकर काबिज हैं। धनेश टाण्डेकर एवं उनकी 3 बहनों स्व. देवकी, श्रीमती यशोदा और श्रीमती यमुना बाई को पैतृक संपत्ति से वंचित रखे हैं और अभी धनेश टाण्डेकर पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक के पद से शारीरिक अस्वस्थ्ता के कारण स्वेच्छिक सेवानिवृत्त होकर पेंशन से गुजारा करते हुए अपने गांव बम्हनी-चारभांठा में हैं। धनेश टाण्डेकर ने बताया कि उन्होंने अनावेदकगणों के खिलाफ राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग में सूचना दी है। जिसकी अभी तक कोई सूचना या जानकारी नहीं मिली है। तात्कालिन पटवारी हल्का नं. 00009 एवं तात्कालिन तहसीलदार जिन्होंने अवैध नामांतरण किया है। उन पर कार्यवाही करने की अपील की है। क्योंकि उन्होंने बिना प्रकरण दर्ज किये बिना स्टाम्प रजिस्ट्री के नामांतरण किया है। उन पर कार्यवाही करने की मांग की है। जिसके लिए अभी तक कार्यवाही संबंधी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुयी है, आगे देखना है कि क्या और कितनी जल्दी कोई ठोस कार्यवाही होती है।

# ड्यूटी के दौरान मृतक को मुआवजा देने व पंचमी भेंट पर हो रहे विवाद को सुलझाने आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन

### अखिल भारतीय ध्रुव गोंड समाज महासभा ओडारबांध के निर्देशन में दिया जाना है ज्ञापन

### मामला - नवरात्रि पर्व के दौरान ज्योति कक्ष में बैगा का कार्य कर रहे मजदूर की लापरवाही से हुई मौत का

डोंगरगढ़(दावा)। अखिल भारतीय ध्रुव गोंड समाज महासभा ओडारबांध के निर्देशन में आज जिला कलेक्टर के नाम से एसडीएम डोंगरगढ़ श्री भार्गव को अपने दो सूत्री मांगों पर गोंड समाज ज्ञापन सौंपेगे।

अखिल भारतीय ध्रुव गोंड समाज महासभा ओडारबांध के अध्यक्ष मदन नेताम, संचालक रमेश उइके ने बताया कि डोंगरगढ़ दाई बमलाई सेवा अर्जी एवं घोटीया निवासी शीतल मंडावी का आकस्मिक निधन ऊपर मंदिर ज्योति कक्ष में हुआ। जिसका संतोषप्रद मुआवजा सम्बंधित परिवार को मिलना चाहिए। जो कि बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा नहीं दिया गया है।



जिस कारण आज हम जिला कलेक्टर के नाम से एसडीएम डोंगरगढ़ श्री भार्गव को एक ज्ञापन सौंप रहे हैं। जिससे भविष्य में गोंड समाज के परिवारो को सही दिशा मिल सके।

### ज्योति कक्षा में सेवा कार्य कर रहे मजदूर की मौत पर उचित मुआवजा को लेकर आंदोलित है आदिवासी समाज -

मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा पूर्व वर्षों में प्रारंभ की गई मुआवजा राशि को लेकर ट्रस्ट समिति के पूर्व पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य जनों का मानना है कि मंदिर परिसर में सेवा कार्य कर रहे मजदूरों की घटना दुर्घटना में हुई आकस्मिक मौत पर मंदिर प्रबंधन को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। जिसकी शुरुआत मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्कालीन अध्यक्ष व वर्तमान ट्रस्टी नारायण लाल अग्रवाल के कार्यकाल में प्रारंभ की गई थी। ट्रस्ट के तत्कालीन उपाध्यक्ष रघुवर अग्रवाल का भी मानना है कि मंदिर कार्य में सेवारत मजदूर की घटना दुर्घटना में हुई आकस्मिक मृत्यु पर ट्रस्ट समिति द्वारा प्रारंभ की गई परंपरा को अनवरत जारी रखा जाए, ताकि मां बमलेश्वरी व उनके भक्तों की सेवा कार्य में लगे मजदूर व उनके परिवार निश्चित होकर अपना जीवन यापन कर सके।

# संगठनात्मक मजबूती पर जोर : प्रदेश कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण सौजन्य मुलाकात

अंबागढ़ चौकी (दावा)। संगठन की आगामी रणनीति और विस्तार को लेकर आज रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण सौजन्य मुलाकात संपन्न हुई। इस दौरान शीर्ष प्रदेश नेतृत्व और जिला पदाधिकारियों के बीच गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती और सांसद भोजराज नाग की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुलाकात के दौरान संगठन की आगामी कार्ययोजना और जिले स्तर पर संगठन के विस्तार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सभी वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की जमीनी मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष को जिले के दौरे हेतु औपचारिक आमंत्रण भी सौंपा गया। वरिष्ठ नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि संगठन को और अधिक प्रभावी एवं जनसंपर्क उन्मुख बनाया जाए ताकि अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा सके।



**प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को जिले के दौरे का आमंत्रण**

इस सौहार्द्रपूर्ण भेंट के दौरान भाजपा संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, उपाध्यक्ष ढालसिंह कौशिक और रेनू टाडिया, कोषाध्यक्ष राजू जैन गुजराती, महामंत्री नरसिंह भंडारी के साथ-साथ अंबर जोशी, मोनू वर्मा और छोटेलाल सिन्हा सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस सौजन्य मुलाकात से जिले के संगठन को नई ऊर्जा और आगामी दिशा प्राप्त होने की उम्मीद है।

# खैरागढ़ की भारती सिंह बनी 'ऊर्जा उत्पादक'

## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से घर बना मिनी पावरहाउस, 70 प्रतिशत खपत सौर ऊर्जा से पूरी



खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाते हुए खैरागढ़ की एक सामान्य महिला उपभोक्ता ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी मिसाल पेश की है। शहर के गंजीपारा निवासी भारती सिंह ने अपने घर की छत पर 10 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कर अपने निवास को एक मिनी पावरहाउस में तब्दील कर दिया है। समाचार माध्यमों से योजना की जानकारी मिलते ही भारती सिंह ने बिना देर किए पहल की। लगभग 6 लाख की लागत से स्थापित यह प्रणाली अब उनके घर को बिजली के उपभोक्ता से उत्पादक बना रही है।

### 70 प्रतिशत खपत अब सूर्य से

सिस्टम चालू होने के एक वर्ष के भीतर ही इसके शानदार परिणाम सामने आए हैं। जहां भारती सिंह के परिवार की औसत मासिक बिजली खपत लगभग 1200 यूनिट है। वहीं सोलर पैनल हर महीने 850 यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन कर रहा है। इसका सीधा अर्थ यह है कि उनकी कुल बिजली खपत का करीब 70 प्रतिशत हिस्सा अब सीधे सूर्य से प्राप्त हो रहा है। भारती सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पहले हम सिर्फ बिजली जलाते थे, अब हम इसे बनाते भी हैं। यह न केवल गर्व की बात है, बल्कि इससे बिजली के बिल में भी भारी बचत हो रही है। सरकारी सब्सिडी से कम हुआ खर्च परियोजना की वास्तविक लागत को कम करने में केंद्र सरकार की सब्सिडी ने अहम भूमिका निभाई है। उन्हें इस संयंत्र की स्थापना पर केंद्र से 78,000 रूपए की सब्सिडी प्राप्त हुई। जिससे शुरुआती निवेश का बोझ काफी हल्का हुआ।

### 8 साल में लागत वसूली, 17 साल तक मुफ्त बिजली

भारती सिंह के अनुमान के मुताबिक, इस परियोजना में किए गए निवेश की पूरी लागत 8 से 9 वर्षों में बिजली के बिल में होने वाली बचत से वसूल हो जाएगी। इसके बाद अगले 17-18 वर्षों तक उन्हें लगभग मुफ्त बिजली का लाभ मिलता रहेगा। यह कदम न केवल उनके परिवार के लिए आर्थिक रूप से लाभदायक है, बल्कि देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण योगदान है।

### प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री का आभार

भारती सिंह ने इस ऐतिहासिक योजना को शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे भी इस योजना का लाभ उठाएँ और ऊर्जा उत्पादक बनकर देश की प्रगति में सहयोग दें।

# मंगचुआ कॉलेज में मनाया मतदाता जागरूकता सप्ताह

बालोद। शहीद गैंद सिंह नायक शासकीय महाविद्यालय, मंगचुआ, जिला बालोद में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता सप्ताह का सफल आयोजन किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शहीद गैंद सिंह नायक शासकीय महाविद्यालय, मंगचुआ में 06 से 11 अक्टूबर 2025 तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जिम्मेदारी, जागरूकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने हेतु विविध रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सप्ताह के दौरान परिचर्चा, निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता, तथा नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# गिरवर बने लालबहादुर नगर तहसील साहू समाज के अध्यक्ष

डोंगरगांव (दावा)। लालबहादुर नगर तहसील साहू समाज के नेतृत्व के लिए हुए चुनाव में गिरवर साहू को सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष चुना गया। समाज के चार पदों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। जबकि उपाध्यक्ष (पुरुष) पद के लिए प्रत्याशी का नामांकन में समाजस्य न होने के कारण यह पद रिक्त रह गया। चुनाव प्रक्रिया में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। पूरा चुनाव उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। गिरवर साहू ने सभी समाजजनों का विश्वास जीतते हुए तहसील अध्यक्ष का पद हासिल किया। अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में महिला उपाध्यक्ष मीना साहू, संगठन सचिव पुरुष परमानंद साहू, संगठन सचिव महिला उमा साहू निर्वाचित हुए। चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में मदन साहू (उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव) उपस्थित रहे। उन्होंने संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए इसे पारदर्शी एवं सफल बताया। चुनाव अधिकारी के रूप में शैलेंद्र कुमार साहू (उपाध्यक्ष, जिला साहू समाज), नीरा साहू (महिला उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ) तथा चंदन साहू (संगठन सचिव, जिला साहू संघ) अपनी जिम्मेदारी का सफल निर्वहन किया। चुनाव संपन्न कराने में परदेसीराम साहू (सलाहकार, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ), राघवेंद्र साहू (अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष गिरवर साहू ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के विकास, एकता और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।



# मंदिर परिसर में विवादास्पद माहौल बनाने वालों का होगा पुरजोर विरोध

### आदिवासी प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में ली गई, सर्व हिन्दू समाज प्रमुखों की बैठक संपन्न

### दोषियों पर शीघ्र कार्यवाही की मांग, 14 अक्टूबर तक समाज प्रमुखों द्वारा बैठक लेने के पश्चात 16 अक्टूबर को ज्ञापन

### आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक होती तो निकलता सकारात्मक समाधान - अनेक समाज प्रमुख

डोंगरगढ़(दावा)। जारी विज्ञप्ति में मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति की ओर से कहा गया है कि, कुछ धर्म विरोधी विघ्न संतोषी लोगों द्वारा विगत कुछ वर्षों से हिन्दू धर्मावलंबी भोले-भाले लोगों को बरगला कर धर्म विमूख करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। ऐसे लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन करवा कर मतांतरण(धर्म परिवर्तन) तो किया ही जा रहा है, साथ ही भोले भाले लोगों को हिन्दू धर्म के खिलाफ करने का प्रयास भी किया जा रहा है। जिसका एक ताजा उदाहरण डोंगरगढ़ के आसपास के आदिवासी समाज के कुछ लोगों को भड़का कर हिन्दू धर्म से अलग करने के प्रयास के रूप में दिख रहा है। ऐसे हिन्दू धर्म विरोधी लोगों द्वारा आदिवासी समाज के हमारे भोले भाले भाईयों को ग़लत जानकारियों को बता कर और उनके बीच दुष्प्रचार कर हमसे अलग करने प्रयास किया जा रहा है। डोंगरगढ़ में वर्षों से सभी हिन्दू धर्मावलंबी सभी समाज के लोग मित्रतापूर्ण, सामाजिक समरसता से निवास करते हुए क्षेत्र और हम सभी हिन्दू धर्मावलंबीयों की आराध्य बगलामुखी स्वरूपा मां बम्लेश्वरी देवी जी की आराधना करते हुए मंदिर परिसर एवं डोंगरगढ़ के विकास में सक्रियता से सहभागिता निभा रहे हैं।

### राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह की मंशा अनुरूप मां बम्लेश्वरी मंदिर की सम्पूर्ण व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है

ट्रस्ट द्वारा आगे कहा गया है कि, स्व. राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह के द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर के सम्पूर्ण व्यवस्था व संचालन हेतु सन् 1964 में श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति का गठन कर समिति को सौंप दिया गया था। जिसके फलस्वरूप 1971 में ट्रस्ट समिति द्वारा ट्रस्ट समिति के संचालन हेतु बनाये गये बायलाज (विधान) के अनुसार ट्रस्ट समिति का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। ट्रस्ट समिति के गठन के पश्चात ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर के विकास हेतु ट्रस्ट समिति द्वारा सर्व हिन्दू समाज के दान दाताओं से प्राप्त सहयोग का ही प्रतिफल है कि जहां ट्रस्ट समिति के बनने के पूर्व ऊपर मंदिर जाने हेतु सीढ़ियों तक का निर्माण नहीं हुआ था वहां आज चौड़ी-चौड़ी सीढ़ियों के साथ दर्शनार्थियों के सुविधा हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही लोगों को ज्ञात होगा ट्रस्ट समिति गठन के पूर्व ऊपर मंदिर परिसर वर्तमान गर्भगृह से छोटा था, जिसे ट्रस्ट समिति ने सर्व हिन्दू समाज के दानदाताओं के सहयोग से विस्तार किया, जिससे दर्शनार्थियों को माता जी का सुगम दर्शन लाभ पाना सम्भव हो पा रहा है। साथ ही नीचे बम्लेश्वरी मंदिर का ट्रस्ट के गठन के पूर्व छोटा सा परिसर और सर्व हिन्दू समाज के सहयोग से निर्मित वर्तमान विशाल स्वरूप भी सभी देख रहे हैं। इसके साथ ही ट्रस्ट समिति ने जनसेवा की दिशा में कार्य करते हुए विशाल चिकित्सालय का निर्माण, रियायत दर पर एम्बुलेंस का संचालन, मुफ्त आक्सीजन सिलेंडर, सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र, पुस्तकालय, विशाल शेड व हाल, स्वर्ग रथ सहित विभिन्न जन सुविधाओं के कार्यों का संचालन भी किया जा रहा है। ट्रस्ट समिति द्वारा ट्रस्ट गठन के पश्चात किसी भी पुरानी परम्पराओं को बंद नहीं किया गया है, परम्परा अनुरूप आवश्यक समस्त पूजन कार्य निरंतर किये जा रहें हैं। ट्रस्ट समिति गठन के समय ही स्व. राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों को दिये गये निर्देश एवं सुझाव को मानते हुए ही ट्रस्ट समिति का बायलाज (विधान) बनाया गया है। स्व. राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा तात्कालिक प्रबुद्ध जनों को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि उनके जीवनकाल में वे ट्रस्ट समिति के मानद सदस्य रहेंगे एवं उनके पश्चात उनके परिवार का कोई भी सदस्य ट्रस्ट समिति का सदस्य नहीं रहेगा। उनके द्वारा व्यक्त किये गये भावना के ही अनुरूप ट्रस्ट समिति के आजीवन मानद सदस्य के रूप में उनका नाम सबसे ऊपर आज तक ससम्मान अंकित किया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा व्यक्त किये विचार, सहमति व दिये गये निर्देश से ही ट्रस्ट समिति के बायलाज (विधान) का निर्माण किया गया था जिसे तात्कालिक सक्षम अधिकारियों द्वारा स्वीकृती प्रदान किया गया था।



### पंचमी भेंट जैसी कोई परम्परा नहीं - ट्रस्ट समिति

स्व. राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह के समय पंचमी भेंट जैसी कोई परम्परा नहीं थी यदि ऐसी कोई परम्परा होती तो राजा साहब द्वारा उस परम्परा का निर्वहन भी किया जाता और उसका उल्लेख भी ट्रस्ट समिति के बायलाज (विधान) में कराया जाता। ट्रस्ट समिति में बायलाज के अनुरूप समस्त सनातन हिन्दू धर्मावलंबी समाज के मतदाता हैं और उनके द्वारा ही ट्रस्ट समिति के सदस्यों को चुना जाता है। सर्व हिन्दू समाज के किसी भी व्यक्ति द्वारा अपनी परम्पराओं के अनुरूप मंदिर परिसर में पूजन कार्य किये जाने पर ट्रस्ट समिति को कोई आपत्ति नहीं है परन्तु यह कार्य मंदिर परिसर के पवित्रता व नियम के अनुकुल होने पर ही स्वीकृति दी जा सकती है। माता जी हम सभी की आराध्य हैं, यहां का विकास सर्व हिन्दू समाज के सहयोग का ही परिणाम है।

### मंदिर के विकास के साथ जुड़ा है डोंगरगढ़ क्षेत्र का विकास

ट्रस्ट समिति द्वारा आगे कहा गया है कि, मंदिर का विकास ही डोंगरगढ़ शहर और ग्रामीण क्षेत्र के विकास का आधार है। यदि मंदिर परिसर में किसी व्यक्ति या व्यक्ति समूह द्वारा किसी भी प्रकार का विवादास्पद माहौल बनाया जाता है, तो उससे डोंगरगढ़ क्षेत्र का विकास कार्य तो अवरूद्ध होगा ही, साथ ही मंदिर से जुड़े हजारों लोगों के व्यवसाय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अतः मंदिर में हम सभी के अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य भी है कि हम यहां की पवित्रता और परम्पराओं का सम्मान करें, निर्धारित स्थल से ही पूजन कार्य करें। जिससे किसी भी अन्य हिन्दू धर्मावलंबीयों की भावनाओं को ठेस न पंहुचे। सर्व हिन्दू समाज के सहयोग से मंदिर का विकास होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति द्वारा या कोई भी व्यक्ति समूह द्वारा एकाधिकार बताने के किसी भी प्रयास का पूरजोर विरोध सर्व हिन्दू समाज हमेशा करेगा। ट्रस्ट समिति द्वारा नवरात्र पर्व के दौरान अनाधिकृत रूप से गर्भगृह में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के संबंध में किये गये शिकायत पर शीघ्र कार्यवाही किए जाने की मांग बैठक में उपस्थित सर्व हिन्दू समाज के समस्त प्रमुखों और समस्त संगठन प्रमुखों ने किया है।

### आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक होती तो निकलता सकारात्मक समाधान - अनेक समाज प्रमुख

नवरात्र पर्व के दौरान पंचमी भेंट के अवसर पर भोले-भाले आदिवासी समाज के भाइयों को बरगलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ ट्रस्ट द्वारा शिकायत दर्ज करा दी गई थी। उस पर प्रशासन द्वारा आज पर्यंत किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर प्रशासन पर दबाव बनाने के उद्देश्य से मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति की ओर से सर्व समाज की बैठक आयोजित कर आदिवासी समाज को बरगलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सभी समाज प्रमुखों को एकजुट किया गया। प्रेस से चर्चा के दौरान अनेक समाज प्रमुखों ने खुलकर अपनी बात कहते हुए भविष्य में होने वाले सामाजिक टकराव को लेकर चिंता जाहिर की है। शनिवार को आयोजित बैठक में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य प्रकाश यादव, यादव समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ यादव, बंगाली समाज के अध्यक्ष अशोक कुमार डे, सुदर्शन समाज के अध्यक्ष, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक तथा सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल सहित अन्य समाज प्रमुखों ने बैठक में अनुपस्थित आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि आज की बैठक में आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति होती तो सकारात्मक समाधान निकालने की दिशा में पहल की जा सकती थी। सभी का तर्क था कि बातचीत से हल निकाला जा सकता है। ताकि भविष्य में सामाजिक अराजकता की स्थिति से धर्मनगरी को बचाया जा सके। सनातन धर्म को मानने वाले देश के मूल निवासियों के प्रतिनिधियों को सर्व समाज की बैठक में बुलाने को लेकर पूछे जाने पर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल का कहना था कि उन्हें अभी बैठक में नहीं बुलाया गया है।

# स्मृति मंधाना ने पूरे किए 5000 वन डे रन, दुनिया की पांचवीं और दूसरी भारतीय महिला; रिकॉर्ड्स



विशाखापत्तनम। भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने वनडे में 5000 रन पूरे कर लिए और दुनिया में पांचवीं व भारत के लिए ऐसा करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं। बता दें कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला विश्व कप का 13वां मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

### मंधाना ने हासिल की कई उपलब्धियां

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान मंधाना ने 46 और प्रतिका ने 69 गेंदों में अर्धशतक पूरे किए। मंधाना ने अपने 33वें वनडे अर्धशतक के साथ तमाम उपलब्धियां हासिल कर लीं। वह सबसे पहले एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन पूरे करने वाली पहली महिला बल्लेबाज बनीं। इसके बाद उन्होंने वनडे में 5000 रन भी पूरे कर लिए। ऐसा करने वाली वह दुनिया की पांचवीं और भारत की दूसरी महिला क्रिकेटर बन गईं। इससे पहले पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने वनडे क्रिकेट में 5000 रन बनाए थे।

# विमेंस वर्ल्ड कप में भारत की लगातार दूसरी हार: डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से हराया

नई दिल्ली। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के 13वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक अंदाज में भारत को 3 विकेट से मात दी। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने 331 रन का टारगेट रखा था। भारतीय टीम इस मैच में 48.5 ओवर में 330 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इस टारगेट को 49 ओवर में तीन विकेट रहते हासिल कर लिया। यह महिला वनडे इतिहास का सबसे सफल रन चेज है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ इस मैच में एलिस हीली ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने शानदार शतक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने भारत को दिलाई शानदार शुरुआत

भारत की बल्लेबाजी की बात करें तो वहां स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 155 रन की पार्टनरशिप हुई।



कप्तान एलिसा हीली का शतक

मंधाना इस मैच में 66 गेंदों में 80 रन की पारी खेलकर आउट हुईं। उनके बाद प्रतिका रावल 96 गेंदों में 75 रन बनाने में कामयाब रही। वहअपनी पारी में 10 चौका और एक छक्का लगाने में कामयाब रही हैं। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा भारतीय टीम के बाकी के बल्लेबाजों को इस मैच में अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन उसे वो ब?ी पारी में तब्दील नहीं कर पाई। हरमनप्रीत 22, जेमिमा रोड्रिग्ज 33 और ऋचा घोष 32 रन बनाकर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की बात करें तो वहां एनाबेल सदरलैंड ने सबसे ज्यादा 5 विकेट अपने नाम किए।

### ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान एलिसा हीली ने खेली मैच विनिंग पारी

331 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने भी रन चेज में शानदार शुरुआत की। पहले विकेट के लिए सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली और फोएब लिचफील्ड के बीच 85 रन की पार्टनरशिप हुई। लिचफील्ड इस मैच में 39 गेंदों में 40 रन बनाकर आउट हुईं। उसके बाद नंबर तीन पर बल्लेबाज करने आई एलिस पेरी 52 गेंदों में 47 रन बनाकर नाबाद रही। बेथ मूनी का बल्ला इस मैच में नहीं चला हुए वह 8 गेंदों में 4 रन बनाकर आउट हो गई। उनेक बाद एनाबेल सदरलैंड इस मैच में बिना खाता खोले पवेलियन लौट गई। अंत में एश्ले गार्डनर ने 45 रन का योगदान दिया। टीम के लिए मैच विनिंग पारी कप्तान एलिसा हीली ने खेली। वह 107 गेंदों में 142 रन बनाकर आउट हुई। भारत की गेंदबाजी की बात करें तो वहां श्री चरनी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट अपने नाम किए।

# ट्रंप के 'टैरिफ बम' से क्रिप्टो बाजार में सुनामी, निवेशकों के 1.7 लाख करोड़ रुपए स्वाहा



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार सुबह अपने एक ऐलान से वैश्विक बाजार में भूचाल ला दिया है। अपने पुराने प्रतिद्वंदी चीन के खिलाफ 'ट्रेड वॉर' को एक नए स्तर पर ले जाते हुए ट्रंप ने चीनी सामानों पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है, जिसके बाद अमेरिकी बाजार से लेकर क्रिप्टो मार्केट तक में हाहाकार मच गया। बिटकॉइन समेत तमाम बड़ी क्रिप्टोकरेंसी धड़ाम हो गई और निवेशकों को एक ही दिन में 1.7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का भारी नुकसान हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा करते हुए कहा, 1 नवंबर, 2025 से अमेरिका, चीन पर मौजूदा टैरिफ के अलावा 100 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। इसके साथ ही सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण भी लागू किया जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि यह कदम चीन की उस योजना के जवाब में जरूरी है, जिसमें वह लगभग हर उत्पाद पर व्यापक निर्यात नियंत्रण लागू करने की तैयारी कर रहा है। वर्तमान में अमेरिका चीनी उत्पादों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, जो अब बढ़कर कुल 130 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रंप के इस ऐलान का सबसे विनाशकारी असर क्रिप्टोकरेंसी बाजार पर देखने को मिला, जहाँ निवेशकों में डर का माहौल बनने से चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन 10 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़ककर .1,10,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से भी नीचे आ गई, हालांकि बाद में इसमें मामूली सुधार होकर यह .1,13,096 पर कारोबार कर रही थी। इसी तरह, दूसरी सबसे बड़ी करेंसी इथेरियम में 11.2 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई और यह 3,878 पर आ गई। बाजार में गिरावट का यह दौर यहीं नहीं रुका; बीएनबी, सोलाना और एक्सआरपी जैसी अन्य प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में भी 14 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की तगड़ी गिरावट देखी गई, जिससे पूरे क्रिप्टो जगत में हड़कंप मच गया।

# कप्तान गिल का 'शतकीय' प्रहार, डब्ल्यूटीसी में बने भारत के नए 'किंग'



रोहित-विराट के रिकॉर्ड ध्वस्त

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल का टेस्ट क्रिकेट में शानदार फॉर्म जारी है। गिल ने शनिवार को दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक बेहतरीन शतक जड़ते हुए कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम कर लिए। यह उनके टेस्ट करियर का 10वां और बतौर कप्तान सिर्फ 12वीं पारी में पांचवां शतक है।

गिल ने भारत की पहली पारी के 130वें ओवर में 176 गेंदों पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से अपनी सेंचुरी पूरी की। इस शानदार पारी की बदौलत गिल अब वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के इतिहास में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस शतक के साथ ही शुभमन गिल वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में 10 शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा (9 शतक) को पीछे छोड़ दिया। इतना ही नहीं, गिल WTC में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। बतौर कप्तान गिल ने इस साल 5 टेस्ट शतक जड़े हैं और वह एक कैलेंडर वर्ष में ऐसा करने वाले विराट कोहली के बाद दूसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं। कोहली ने 2017 और 2018 में यह कारनामा किया था। दिल्ली टेस्ट में शुभमन गिल 196 गेंदों का सामना करते हुए 16 चौकों और दो छक्कों की मदद से 129 रन बनाकर नाबाद रहे। यह भारत की धरती पर उनका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर भी है।

# वेस्टइंडीज ने 14 साल में पहली बार किया ऐसा, फॉलोऑन में स्कोर 173/2, भारत से अब भी 97 रन पीछे

नई दिल्ली। दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन के खेल का अंत हो चुका है। वेस्टइंडीज ने फॉलोऑन खेलते हुए दो विकेट पर 173 रन बना लिए हैं। टीम अब भी भारत से 97 रन पीछे है। इस टेस्ट या यूं कहें इस सीरीज में पहली बार वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी ने दम दिखाया है। 35 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद जॉन कैंपबेल और शाई होप ने तीसरे विकेट के लिए अब तक 207 गेंद में 138 रन की नाबाद साझेदारी कर ली है। कैंपबेल 87 और होप 66 रन बनाकर नाबाद हैं। तेजनारायण चंद्रपॉल 10 रन बनाकर सिराज की गेंद पर आउट हुए, जबकि एलिक एथनाजे सात रन बनाकर सुंदर का शिकार बने।

### होप-कैंपबेल की शानदार बल्लेबाजी

भारत ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 518 रन बनाए थे और पारी घोषित कर दी थी। इसके बाद वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रन पर सिमट गई थी। उन्हें फॉलोऑन बचाने के लिए 319 रन बनाने थे, लेकिन टीम 71 रन पीछे रह गई थी। भारत को पहली पारी में 270 रन की बढ़त मिली और टीम ने वेस्टइंडीज को फॉलोऑन खिलाया। हालांकि, तीसरे सत्र में होप और कैंपबेल ने गजब का जज्बा दिखाया और



अटैकिंग क्रिकेट खेली। साथ ही विकेट नहीं गिरने दिया। कैंपबेल ने अब तक नौ चौके और दो छक्के लगाए हैं, जबकि होप ने आठ चौके और दो छक्के लगाए हैं। कैंपबेल और होप 2016 के बाद भारत के खिलाफ किसी टेस्ट में पूरे एक सत्र तक क्रीज पर टिके रहने वाली पहली वेस्टइंडीज जोड़ी बन गई है। इससे पहले साल 2016 में किंग्सटन टेस्ट में चेज और होल्डर ने पांचवें दिन के आखिरी सत्र में 19 ओवर खेलकर मैच ड्रॉ कराया था। यह पिछले छह टेस्ट में पहला मौका है जब वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ भारतीय सरजमीं पर किसी टेस्ट मैच को चौथे दिन तक खींचा है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 2013 में और 2018 में भारत का दौरा किया था। तब भी दो-दो टेस्ट खेले गए थे, जो तीन दिन में ही समाप्त हो गए थे। पिछली बार भारतीय सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच कोई टेस्ट मैच चौथे दिन तक साल 2011 में गया था। तब वानखेड़े में दोनों टीमों के बीच मुकाबला पांचवें दिन तक गया था और ड्रॉ रहा था।

### वेस्टइंडीज की पहली पारी

इससे पहले वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रन पर सिमट गई थी। वेस्टइंडीज की टीम ने रविवार को चार विकेट पर 140 रन से आगे खेलना शुरू किया और 108 रन बनाने में बाकी के छह विकेट गंवा दिए। कुलदीप यादव ने घातक गेंदबाजी की और पांच विकेट झटके। यह उनके टेस्ट करियर का पांचवां फाइव विकेट हॉल रहा। रविवार को वेस्टइंडीज को शुरुआती तीन झटके कुलदीप ने ही दिए। उन्होंने शाई होप (36), तेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को पवेलियन भेजा। इसके बाद सिराज ने जोमेल वारिकन को क्लीन बोल्ड किया। वारिकन एक रन बना सके। इसके बाद बुमराह ने खेरी पियरे को बोल्ड किया। पियरे 23 रन बना सके। आखिर में कुलदीप ने जेडन सील्स (13) को एल्बीडब्ल्यू कर वेस्टइंडीज की पारी 81.5 ओवर में 248 रन पर समेट दिया।

## ज्योतिष चमत्कार ( 13 अक्टूबर 2025 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 97 | 09 | 17 | 20 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 08 | 18 | 29 | 36 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 19 | 28 | 37 | 40 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 26 | 39 | 48 | 56 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 30 | 47 | 57 | 69 |
| शनि | HAPPY DIWALI | | | |
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 30 | 69 | 75 | 84 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 54 | 62 | 75 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 53 | 63 | 74 | 81 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 64 | 73 | 82 | 95 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 71 | 84 | 93 | 01 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 85 | 92 | 02 | 15 |
| अंकों का बादशाह | 4 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 5 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 6 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 67 | 83 | 92 | 01 |




### सप्ताह में देखें (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

### सप्ताह में देखें (राजधानी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

### अंक आपके पत्ते हमारे

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

### बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 99 | 42 | 44 | 16 | 56 | 38 |
| 52 | 58 | 49 | 69 | 79 | 71 |
| 71 | 79 | 73 | 87 | 80 | 19 |
| 12 | 96 | 79 | 36 | 84 | 97 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 51 | 47 | 76 | 98 | 20 |
| 50 | 58 | 42 | 81 | 52 |
| 57 | 83 | 62 | 05 | 39 |
| 71 | 71 | 61 | 09 | 58 |

### जनवरी 2025 से अक्टूबर 2025 तक के रूके जोड़भाव-पेनल

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-32-37-50-86-92-90
1-146-245-227-777 2-246-228-499-688-444-
3-166- 4-680-266-338-400-888 5-230-249-113-122
-177-366-799-889-555 6-330-466-600-222
7-368-188- 700-999 8-567-440-477- 666
9-117-144-199-559-577-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-33-30-49-56-66-67-75- 78-88-80-95
-99-90-01
1-146-290-119-777, 2-660-688- 778-444,
3-157-256-166-300-599-111
4-112-220-338-699-888, 5-366-447-500-555
6-556-600-222, 7-377-449-700-999
8-189-350-288-666, 9-135-289-117-199-
388-577-333, 0-488-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# यशस्वी की तरफ गेंद फेंकने वाले जेडन सील्स को मिली सजा, ICC ने लगाया जुर्माना



डिमेरिट अंक भी जुड़ा

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स को भारत के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के लेवल-1 की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। खेल की वैश्विक संस्था ने उनपर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। इसके अलावा उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ दिया। बता दें कि, यह घटना दिल्ली टेस्ट के पहले दिन यानी शुक्रवार की है। भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया था जिससे गेंद उनके पैड पर लगी थी।

### 24 महीने में जुड़े दो डिमेरिट अंक

आईसीसी की तरफ से कहा गया, सील्स को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या किसी अन्य क्रिकेट उपकरण) फेंकने से संबंधित है। इसके साथ ही सील्स के खाते में 24 महीनों की अवधि में कुल डिमेरिट अंक की संख्या अब दो हो गई है। किसी खिलाड़ी को अगर 24 महीनों में 24 या अधिक डिमेरिट अंक मिलते हैं तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। सील्स ने इस बार मैच रेफरी एंडी पायकॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को चुनौती दी जिसके चलते एक औपचारिक सुनवाई हुई। आईसीसी ने अपने बयान में कहा, सील्स ने तर्क दिया कि वह रन आउट करने की कोशिश कर रहे थे।

# फेक स्क्रीनशॉट' और क्यूआर कोड स्कैम से खाता हो रहा साफ, एक्सपर्ट्स से जानें बचने के तरीके

नई दिल्ली । देश में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ साइबर अपराध की चुनौतियाँ भी तेजी से बढ़ रही हैं। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) आज हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसी सुविधा को साइबर ठगों ने धोखाधड़ी का नया हथियार बना लिया है। आजकल 'फेक स्क्रीनशॉट' और 'क्यूआर कोड' बदलकर लोगों के बैंक खाते खाली किए जा रहे हैं। आइए विशेषज्ञों से जानते हैं कि इन नए तरह के फ्रॉड से कैसे बचा जा सकता है।

### कैसे काम करता है 'फेक स्क्रीनशॉट' स्कैम?

साइबर एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह ठगी का एक बेहद शातिर तरीका है, जिसे दुकानदार और आम लोग आसानी से समझ नहीं पाते। ठग सबसे पहले आपके अकाउंट में 1 या 2 जैसी छोटी रकम भेजकर आपकी UPI आईडी कन्फर्म



करते हैं। इसके बाद वे इंटरनेट पर मौजूद ऐप्स की मदद से एक बड़ी रकम का हूबहू असली जैसा दिखने वाला पेमेंट स्क्रीनशॉट बनाते हैं। वे आपको यह फेक स्क्रीनशॉट भेजकर दावा करते हैं कि पैसा उनके अकाउंट से कट चुका है और आपके अकाउंट में तकनीकी खराबी के कारण नहीं दिख रहा। इसके बाद वे आप पर पैसा वापस करने का दबाव बनाते हैं और जल्दबाजी में आप ठगी का शिकार हो जाते हैं। रुपया पैसा-कॉम के संस्थापक मुकेश पाण्डेय के मुताबिक, कभी भी केवल स्क्रीनशॉट के आधार पर कोई लेनदेन न करें। जब तक आपके बैंक खाते में पैसा क्रेडिट होने का मैसेज न आए, तब तक यह न मानें कि भुगतान हो गया है। UPI पेमेंट लगभग तुरंत हो जाती है, इसमें देर नहीं लगती।

### क्यूआर कोड बदलकर हो रही ठगी

इंडिया फ्यूचर फाउंडेशन के कनिष्क गौड़ बताते हैं कि दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे त्त्क्र कोड को बदलना भी ठगों का एक आम तरीका बन गया है। जालसाज रात के समय या मौका देखकर असली त्त्क्र कोड के ऊपर अपना त्त्क्र कोड चिपका देते हैं। जब ग्राहक भुगतान के लिए कोड स्कैन करता है, तो पैसा दुकानदार के बजाय ठग के खाते में चला जाता है। भुगतान करते समय हमेशा त्त्क्र कोड स्कैन करने के बाद स्क्रीन पर दिखने वाले नाम को वेरिफाई करें। सुनिश्चित करें कि आप जिस व्यक्ति या दुकान को भुगतान कर रहे हैं, नाम उसी का है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**बिहार विस.चुनाव: एनडीए के सीट बंटवारे.....**

तो ये हाईकमान का फैसला है और हमें स्वीकार है। उन्होंने आगे कहा कि हमें जितना दिया गया है, हम उसमें संतुष्ट हैं। हमें किसी से कोई शिकायत नहीं है। इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी बिहार चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें 26 नाम है। एआईएमआईएम इस बार 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बता दें कि यह पिछली बार से 5 गुना ज्यादा है।

**पी चिदंबरम के ऑपरेशन ब्लू स्टार....**

की झूठी कहानी को उजागर कर दिया? चिदंबरम ने कहा था कि ऑपरेशन ब्लू स्टार चरमपंथियों से निपटने का गलत तरीका था। राज्यसभा सांसद चिदंबरम ने पत्रकार और लेखिका हरिंदर बावेजा की किताब दे विल शूट यू मैडम माय लाइफ थ्रॉ कनफ्लिक्ट पर चर्चा के दौरान कहा, चरमपंथियों को पकड़ने के और भी तरीके थे, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था। मैं मानता हूं कि इंदिरा गांधी को इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। हालांकि, यह गलती अकेले इंदिरा गांधी की नहीं थी, यह सेना, खुफिया एजेंसियों, पुलिस और नागरिक सुरक्षा के सामूहिक फैसले का नतीजा था, इसलिए सारी जिम्मेदारी केवल इंदिरा गांधी पर नहीं डाली जा सकती। ऑपरेशन ब्लू स्टार एक जून से 10 जून, 1984 के बीच अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में छिपे जनरैल सिंह भिंडरांवाले और उसके समर्थकों के खिलाफ चलाया गया एक सैन्य अभियान था। इसके कुछ महीनों बाद 31 अक्तूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या उनके सिख बॉडीगार्ड ने कर दी थी। इससे पहले एक पॉडकास्ट में चिदंबरम ने कहा था कि 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद वह व्यक्तिगत रूप से पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई के पक्ष में थे। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने विदेश मंत्रालय की सलाह मानते हुए कूटनीतिक रास्ता अपनाया।

**तालिबान का स्वागत, लेकिन देश....**

रखने से देश को फायदा होता है तो यह ठीक है कि आप तालिबान के साथ बातचीत कर रहे हैं, लेकिन पहले आपको यहां के मुसलमानों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए और उनकी मस्जिदों और स्कूलों को तोड़ना बंद करना चाहिए. आपको पहले उनके दिल जीतने चाहिए. जिस जम्मू-कश्मीर ने पाकिस्तान को नकारकर आपसे हाथ मिलाया था, आज आपने उनकी जिंदगी तबाह कर दी है. इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, ''...'लव जिहाद, 'जमीन जिहाद, 'वोट जिहाद और 'गाय जिहाद के नाम पर भाजपा ने बार-बार अपनी ही मुस्लिम आबादी को निशाना बनाया है और उन्हें बदनाम करने वाले बयान फैलाए हैं. वहीं दूसरी ओर भाजपा के नेतृत्व में लोकतंत्र की जननी भारत ने जिहाद के अग्रदूत तालिबान को अपनाने का फैसला किया है. 'लव जिहाद, 'लैंड जिहाद, 'वोट जिहाद और 'गाय जिहाद के नाम पर बीजेपी अपनी ही मुस्लिम जनसंख्या को निशाना बना रही है, और उन्हें बदनाम करने वाली नारों का प्रचार कर रही है। वहीं, भारत–जो लोकतंत्र की जननी है–बीजेपी के तहत तालिबान, जो जिहाद का जनक है, को गले लगा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए हर तरह की सहायता देने का फैसला किया है, जिसमें अफगान छात्रों को शैक्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करना भी शामिल है. पीडीपी अध्यक्ष ने आरोप लगाया, ''अफगानिस्तान के साथ अच्छे संबंधों को बढ़ावा देना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह एक विरोधाभास को भी जन्म देता है, क्योंकि देश की आजादी, पहचान और प्रगति में योगदान देने वाली भारत की अपनी मुस्लिम आबादी को व्यवस्थित रूप से हाशिये पर डाला जा रहा है. उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा मुस्लिम छात्रों के लिए छात्रवृत्ति वापस लेना और मदरसे बंद करना ''इस आंतरिक पाखंड की याद दिलाता है.

**चंडीगढ़ महापंचायत में हंगामा; डीजीपी को....**

वाल्मीकि की पूजा करते हैं, वो स्वयं ब्राह्मण थे। इस बयान के बाद लोगों ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया और माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में आयोजकों ने सभी से शांत रहने और मर्यादा बनाए रखने की अपील की, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया गया। कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड प्रोफेसर जय नारायण ने कहा कि महापंचायत में फैसला लिया गया कि हरियाणा सरकार 48 घंटे में डीजीपी शत्रुजीत कपूर को पद से हटाए। शाम को पंजाब के गवर्नर को ज्ञापन भी सौंपेंगे। इसके 48 घंटे बाद कमेटी आगे का फैसला लेगी और चंडीगढ़ में सफाई पूरी तरह से बंद करेंगे। संघर्ष समिति के सदस्य गुरमिल ने स्पष्ट किया है अभी तक किसी भी मामले में परिवार और सरकार के साथ सहमति नहीं बनी है। अभी तक परिवार और दलित संगठनों की एक ही मांग है सबसे पहले कार्रवाई हो इसी के बाद आगे कुछ निर्णय होगा। परिवार की मांग है कि डीजीपी शत्रूजीत कपूर और एसपी रोहतक को गिरफ्तार किया जाए।

**लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाने.....**

के साथ बलात्कार हुआ, ओडिशा सरकार ने क्या कार्रवाई की और बंगाल में अगर महिलाओं के साथ कुछ भी होता है तो हम इसे सामान्य मामला नहीं मानते, यह एक गंभीर मामला है। उन्होंने आगे कहा कि अगर ऐसा दूसरे राज्यों में भी होता है तो भी यह निंदनीय है। हमने उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा में भी ऐसे कई मामले देखे हैं, इसलिए सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। बता दें कि, ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली छात्रा के साथ दुर्गापुर में कुछ लोगों ने पर दुष्कर्म किया। छात्रा की हालत अब स्थिर बताई जा रही है, उसका अस्पताल में ही इलाज चल रहा है और उसने पुलिस को अपना बयान दे दिया है। यह घटना शोभापुर के पास स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर में हुई। छात्रा रात में अपने एक पुरुष मित्र के साथ कॉलेज कैंपस के बाहर खाना खाने गई थी। इस दौरान कैंपस गेट के पास ही एक आरोपी ने उसे जबरन पीछे के सुनसान इलाके में खींच लिया और दुष्कर्म की वारदात को किया। इसके बाद बाकी आरोपियों ने भी घिनौने कृत्य को अंजाम दिया। वहीं पीड़िता के पिता ने अपनी बेटी के स्वास्थ्य की जानकारी साझा करते हुए बताया कि, वह चलने में असमर्थ है और बिस्तर पर पड़ी है। मुख्यमंत्री, डीजी, एसपी और कलेक्टर सभी हमारी बहुत मदद कर रहे हैं और नियमित रूप से उसके स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ कर रहे हैं... मैंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे हमें मेरी बेटी को यहां से ओडिशा ले जाने दें, किसी सुरक्षित स्थान पर, क्योंकि यहां उसकी सुरक्षा खतरे में है... हमने उनसे अनुरोध किया है कि वे हमें उसे ले जाने दें।

**अफगानिस्तान के हमले में पाकिस्तान के.....**

जवाब के नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने वजीरिस्तान के अफगान शरणार्थियों को विरासत बताते हुए कहा कि पाकिस्तान की सेना का एक खास गुट अफगानों के बीच फूट डालने और झूठा प्रचार फैलाने में लगा है। तालिबान ने अपील की कि पाकिस्तान के आम नागरिक और सेना का ज्यादातर हिस्सा इस गुट की नीतियों का समर्थन नहीं करता। ईरान, सऊदी अरब और कतर जैसे देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि दोनों पड़ोसियों के बीच स्थिरता क्षेत्रीय शांति के लिए जरूरी है। विशेषज्ञों का मानना है कि तालिबान की सैन्य क्षमता सीमित होने से यह संघर्ष ज्यादा लंबा नहीं चलेगा, लेकिन डिसइंफॉर्मेशन और सीमा विवाद से स्थिति जटिल हो सकती है। भारत ने भी चिंता जताई है, क्योंकि यह क्षेत्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। वाशिंगटन स्थित एनालिस्ट माइकल कुगेलमैन ने कहा कि यह परफेक्ट स्टॉर्म है, जो जल्द शांत हो सकता है लेकिन सतर्कता जरूरी है। बहरहाल यह संघर्ष 2024 से चला आ रहा है, जिसमें जनवरी 2025 में बाजौर जिले में 400 अफगान लड़ाकों ने 15 बॉर्डर पोस्ट कब्जे में लिए थे। तालिबान ने अपनी जमीन को फित्नागरों से साफ करने का दावा किया है।

**छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला: पूर्व सीएम बघेल.....**

ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायपुर के समक्ष एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें तीन आर्थिक अपराध शाखा/एसीबी अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार, इन अधिकारियों ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज किए जाने वाले बयानों को गढ़ा या पहले से तैयार किया और बाद में चल रही जाँच में और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष उन्हें असली दस्तावेज़ों के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि 12 सितंबर को देवांगन ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (सतर्कता) के समक्ष भी इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी।

# कलेक्टर कार्यालय के सामने बदहाली : फ्लाईओवर के नीचे शराबियों का अड्डा, स्वच्छता पर सवाल

### अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, स्थानीय लोग कर रहे कार्रवाई की मांग



राजनांदगांव (दावा)। जिला कलेक्टर कार्यालय के ठीक सामने स्थित फ्लाईओवर के नीचे का स्थान शाम ढलते ही शराबियों के जमावड़े और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। स्थानीय निवासियों ने इस स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### अंधेरे का फायदा उठाकर गंदगी और असुरक्षा

क्षेत्रवासियों के अनुसार फ्लाईओवर के नीचे लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं है। जिसका फायदा उठाकर शराबी खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। यह स्थान हर दिन गंदगी के अड्डे में बदल जाता है। जहां पानी के पाउच, डिस्पोजल प्लेटें और टूटी कांच की बोतलें बिखरी रहती हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गंदगी न केवल शहर की स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित कर रही है, बल्कि टूटी बोतलों के कारण यहां से गुजरने वाले पैदल यात्रियों और राहगीरों के लिए चोट का खतरा भी बढ़ गया है।

### शहर की छवि पर लग रहा दाग

निवासियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला कलेक्टर कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र के ठीक सामने इस तरह की असामाजिक गतिविधियां होना शहर की छवि पर सीधा सवाल खड़ा करता है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से कड़े शब्दों में मांग की है कि इस क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। फ्लाईओवर के नीचे प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाए। शराबियों और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय नागरिकों ने अपील की है कि प्रशासनिक सख्ती से संस्कारधानी राजनांदगांव की मर्यादा और स्वच्छता को बनाए रखा जाए।

# जिपं सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने मिशन जल रक्षा अंतर्गत फसल चक्र परिवर्तन में किसानों की भागीदारी बढ़ाने के संबंध में बैठक ली




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मिशन जल रक्षा अंतर्गत फसल चक्र परिवर्तन में किसानों की भागीदारी बढ़ाने के संबंध में अधिकरियों एवं किसानों की बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत ने जिले में कृषि विभाग द्वारा मैदानी अधिकारियों के माध्यम से क्लस्टर बनाकर दलहन, तिलहन तथा मक्का फसल के क्षेत्र बढ़ाने हेतु चयनित किसानों तथा राजगामी संपदा की भूमि को लीज पर लेकर खेती करने वाले किसानों तथा कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रबी 2025-26 में फसलों का रकबा बढ़ाने तथा कृषकों को कम कृषि लागत में कम जल मांग वाले और अधिक मुनाफा देने वाली फसलों के चयन करने में सहयोग करने कहा।

बैठक में किसानों को जिले की भौगोलिक स्थिति एवं मृदा के प्रकार तथा कम जल मांग की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए फसलों के चयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों से क्षेत्रवार उनके द्वारा फसल चयन एवं अन्य आदान सामग्री उपलब्धता की जानकारी ली गई। कृषि विभाग द्वारा किसानों और मक्का से उत्पाद निर्माण करने वाले कंपनियों का किसानों से सीधा संवाद कराया गया। जिसमें मक्के की फसल के प्रति किसानों की सहमति बनी। बैठक में प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत रबी में चना सरसों और मसूर फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर होने की जानकारी दी गई। किसानों ने सरसों बीज उपलब्ध कराने पर फसल चक्र परिवर्तन में सरसों की फसल के रकबे को बढ़ाने हेतु अपनी सहमति दी। बैठक में गौरमेड पॉपकॉर्निका कंपनी के प्रतिनिधियों ने किसानों को मक्के की बीज उपलब्ध कराकर 1700 रूपए प्रति क्विंटल में मक्का खरीदी करने तथा किसानों के साथ कांट्रैक्ट फार्मिंग कर एमओयू करने प्रस्तुतीकरण किया गया। एबीस कंपनी द्वारा मक्का खरीदी हेतु किसानों को सहमत किया गया।

उल्लेखनीय है कि मिशन जल रक्षा अंतर्गत जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए किसानों को कम जल मांग वाले फसलों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसका सकारात्मक परिणाम किसानों की सहमति के रूप में प्राप्त हो रहा है। कृषि विभाग द्वारा मैदानी स्तर पर 5 से 6 गांव का क्लस्टर बनाकर लगातार कृषक संगोष्ठी आयोजित कर किसानों को फसल चक्र परिवर्तन हेतु तैयार किया जा रहा है। किसानों की मांग अनुसार बीज उपलब्धता के साथ ही निजी क्षेत्र के फसल आधारित कंपनियों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। बैठक में उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, अनुभागी कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, सहायक संचालक डॉ. वीरेंद्र अनंत, एपीओ मनरेगा फैज मेनन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री रानाडे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी याजवेंद्र कतरे, श्रीमती पूजा लांगे, एबीस कंपनी के प्रतिनिधि श्री राघवेंद्र, गौरमैड पॉपकॉर्निका कंपनी के प्रतिनिधि अजय साहू एवं जिले के किसानों के साथ-साथ राजगामी संपदा में खेती करने वाले किसान उपस्थित थे।

# अनुकंपा कर्मचारियों के साथ 10 साल से अन्याय : परीक्षा नहीं हुई, अब रिकवरी का दबाव!

### सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी मानसिक और आर्थिक रूप से टूट रहे हैं

राजनांदगांव (दावा)। राज्य में अनुकंपा नियुक्ति पर कार्यरत सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों के साथ बीते 10 वर्षों से चल रहा अन्याय अब बड़े विवाद का रूप ले रहा है। वर्ष 2013 में शासन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति नियमों में संशोधन करते हुए सहायक ग्रेड-3 पद के लिए कंप्यूटर डिप्लोमा की अनिवार्यता से छूट दी गई थी। इसके स्थान पर एक नया प्रावधान जोड़ा गया कि ऐसे कर्मचारियों को नियुक्ति के दो वर्ष के भीतर हिंदी टाइपिंग की कौशल परीक्षा पास करनी होगी। नियम के अनुसार यदि कोई कर्मचारी यह परीक्षा पास नहीं करता तो उसकी वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) तब तक रोकी जानी थी, जब तक वह परीक्षा पास न कर ले। लेकिन विडंबना यह है कि 2013 से लेकर 2023 तक इस कौशल परीक्षा का कभी भी आयोजन नहीं किया गया। न तो विभाग स्तर पर न ही शासन स्तर पर और न ही किसी मान्यता प्राप्त संस्था के माध्यम से वेतन वृद्धि कुछ को मिली कुछ से छीनी गई। इसके बावजूद कई जिलों में प्राचार्यों और अधिकारियों द्वारा डिप्लोमा धारक कर्मचारियों की वेतन वृद्धि तो जोड़ दी गई और कुछ को बिना परीक्षा के ही पात्र घोषित कर दिया गया। वहीं अनुकंपा नियुक्ति के तहत आए कर्मचारियों जिनकी नियुक्ति उनके परिवार के भरण-पोषण के लिए की गई थी। उनसे परीक्षा पास न करने का मूल्य वसूला जा रहा है।

कई स्थानों पर अधिकारियों ने न केवल उनकी वेतन वृद्धि रोकी, बल्कि अब 10 वर्ष बाद रिकवरी का मौखिक दबाव बनाना शुरू कर दिया है। विडंबना यह भी है कि इन कर्मचारियों से विभागों ने हिंदी टाइपिंग के कार्य नियमित रूप से लिए। कई सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को एसडीएम ऑफिस, तहसील कार्यालय और अन्य सरकारी दफ्तरों में अटैच कर कार्य करवाया गया। जहां उन्होंने अपनी टाइपिंग और कंप्यूटर क्षमता का पूरा उपयोग किया। इसके बावजूद जब वेतन वृद्धि और पदोन्नति (प्रमोशन) की बात आई तो विभाग ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए यह तर्क दिया कि परीक्षा पास नहीं की गई। जबकि परीक्षा आयोजित ही नहीं हुई थी। उनका प्रमोशन भी कर दिया गया यह अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है। अब विभागीय आदेशों और प्रशासनिक असमानताओं के कारण हजारों अनुकंपा नियुक्त कर्मचारी मानसिक और आर्थिक दोनों तरह से परेशान हैं। कई परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। जबकि इस पूरे मामले में गलती कर्मचारियों की नहीं बल्कि विभागीय तंत्र की रही है। प्रभावित कर्मचारियों ने शासन और शिक्षा विभाग से यह मांग की है कि जब तक विभाग स्वयं कौशल परीक्षा का आयोजन नहीं करता, तब तक किसी भी कर्मचारी से रिकवरी न की जाए। जिन कर्मचारियों से हिंदी टाइपिंग का कार्य नियमित रूप से लिया गया है, उन्हें स्वतः पात्र माना जाए। बीते वर्षों की रोकी गई वेतन वृद्धि और प्रमोशन को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए। यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं की उपेक्षा का उदाहरण बन गया है। जिन कर्मचारियों ने अनुकंपा के तहत सेवा आरंभ की थी, आज वे अपने हक के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अब समय आ गया है कि शासन इस विषय को गंभीरता से संज्ञान में लेकर इन कर्मचारियों को न्याय दिलाए।

# भाजपा सरकार 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करें - मदन साहू

### 0 किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

### 0 भाजपा की बातें और काम में बड़ा फर्क किसानों के साथ धोखा



डोंगरगांव (दावा)। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने एक विज्ञप्ति जारी कर भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि किसानों के साथ सरकार दोहरी नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को धान खरीदी के 24 घंटे के भीतर भुगतान करने का वादा किया था लेकिन हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में यह अवधि बढ़ाकर 6 से 7 दिन कर दी गई है. यह सरकार की दोमुंही नीति को दर्शाता है।

श्री साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर भुगतान व्यवस्था लागू करने का भी वादा किया था, परंतु दो साल बीत जाने के बावजूद ऐसी कोई व्यवस्था शुरू नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने गौठान योजना को बंद कर दिया है और गौ रक्षकों के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। जिसके कारण गौ-माता सड़कों पर भटक रही हैं। किसान नेता ने कहा कि प्रदेश के किसान खाद और बीज की किल्लत से जूझ रहे हैं। जबकि सरकार किसानों की समस्याओं से आंख मूंदे बैठी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियाँ किसान विरोधी हैं और अब समय आ गया है कि सरकार तत्काल कदम उठाकर किसानों को राहत दे। मदन साहू ने मांग की कि राज्य सरकार 1 नवंबर से ही धान खरीदी प्रारंभ करे, ताकि किसानों को समय पर भुगतान और सुविधा मिल सके। फिलहाल सरकार किसानों को प्रति एकड़ पांच हजार दीपावली मनाने के लिए किसानों के खाता में डालें और उसे धान बिक्री के समय समायोजन करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेती है, तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# जल जीवन मिशन से बदली ग्राम हालेकोसा की तस्वीर

### जल जीवन मिशन से पूरा हुआ वर्षों का इंतजार, कान्ति बाई के घर तक पहुंचा स्वच्छ पेयजल

राजनांदगांव (दावा)। शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम हालेकोसा में घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। ग्राम हालेकोसा की निवासी श्रीमती कान्ति बाई के घर अब नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। श्रीमती कान्ति बाई ने बताया कि पहले गांव में पानी की बहुत समस्या थी। पानी के लिए दूर के हैंडपंप और कुएं तक जाना पड़ता था। विशेषकर गर्मी के मौसम में काफी कठिनाई होती थी। बरसात के मौसम में स्वच्छ जल नहीं मिलने से बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो जाता था, लेकिन जल जीवन मिशन के आने के बाद अब उनके घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पानी मिल रहा है। जल जीवन मिशन के आने से महिलाओं का श्रम कम हुआ है और परिवार के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। ग्राम हालेकोसा के ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन से गांव में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है।

# रजत महोत्सव पर स्वास्थ्य विभाग ने चलाए विशेष अभियान

### टीबी मरीजों को मिला पोषण आहार, विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर तनाव प्रबंधन पर हुई संगोष्ठी




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन-जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, तथा जिला अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### टीबी और सिकल सेल पर फोकस

अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग एवं उपचार किया गया। कुल 26 टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया और 26 नागरिकों को निक्षय मित्र बनाया गया। शासकीय आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र में टीबी और एचआईवी जागरूकता पर संगोष्ठी आयोजित की गई। वहीं प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों का सिकल सेल एनिमिया तथा टीबी जांच किया गया।

### हेपेटाइटिस नियंत्रण और टीकाकरण

राष्ट्रीय हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नवजात शिशु, स्वास्थ्य कर्मी और उच्च जोखिम वाले वर्गों का टीकाकरण, जांच एवं शिविर लगाया गया। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नीरज पब्लिक स्कूल के 53 वाहन चालकों एवं परिचालकों का भी हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच और टीकाकरण किया गया।

### मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन


विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेवाओं तक पहुंच-आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य थीम पर जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्म देखभाल और संवाद की महत्ता पर जानकारी दी गई। लोगों को आवश्यकता पड़ने पर टेलीमानस सेवा के माध्यम से निःशुल्क परामर्श प्राप्त करने की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर भाषण, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं संप्रेक्षण गृह के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।

# कोसमी में शिक्षा का उत्सव : गुणवत्ता, संवाद और रचनात्मकता की मिसाल

## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान, शिक्षक-अभिभावक मेगा बैठक और रजत जयंती समारोह का शानदार आयोजन





कोसमी (दावा)। शिक्षा को सिर्फ किताबों तक सीमित न मानते हुए, जीवन को दिशा देने वाले दीपक के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से शासकीय हाईस्कूल कोसमी विकासखण्ड मानपुर, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में तीन प्रेरणादायक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन आयोजनों ने शिक्षा को गांव में एक त्योहार का रूप दे दिया। जिसमें बच्चे, शिक्षक, अभिभावक और ग्रामवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान बैठक

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत आयोजित बैठक में शिक्षकों, शिक्षा प्रेमियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य फोकस गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बच्चों की सीखने की प्रक्रिया और नवाचार आधारित शिक्षण पर विस्तृत विचार-विमर्श करना था। प्राचार्य सुश्री गीता गुप्ता ने जोर देकर कहा कि गुणवत्ता तभी बढ़ेगी जब हम सब मिलकर शिक्षा को एक साझा जिम्मेदारी समझेंगे। इस बैठक में शिक्षा के नए मानक तय किए गए, जिन्हें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक स्वीकार किया।

### शिक्षक-अभिभावक मेगा बैठक

शिक्षक-अभिभावक मेगा बैठक के दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की हँसी और सकारात्मक संवाद से गूंज उठा। अभिभावकों ने शिक्षकों से अपने बच्चों की प्रगति पर चर्चा की और विद्यालय की गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि घर और विद्यालय का एकजुट प्रयास ही छात्र सफलता की सच्ची कुंजी है। विद्यालय परिवार ने अभिभावकों को शिक्षा के सहयोगी के रूप में सम्मानित भी किया।

### रजत जयंती समारोह : 25 वर्षों की गौरवगाथा

संकुल कोसमी में विद्यालय की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह को धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को आकर्षक सजावट और रंगोली से सजाया गया। छात्र-छात्राओं ने भाषण, निबंध और रंगोली प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य सुश्री गुप्ता ने कहा कि ये बच्चे हमारी सच्ची पूँजी हैं, जो भविष्य में कोसमी का नाम रोशन करेंगे।

### समर्पित सहयोगी और मार्गदर्शक

इस सफल आयोजन के पीछे प्राचार्य सुश्री गीता गुप्ता, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष यशवंत साहू, वरिष्ठ व्याख्याता बिसेलाल धनकर, उजागर सिंह भंडारी, शिक्षाविद श्रीमती बबली साहू, श्रीमती भानुना सिरवैया, रवि कुमार कंवर, संकुल समन्वयक कुशल साहू सहित इन प्रमुख सदस्यों का मार्गदर्शन और सहयोग रहा। इस पहल को समस्त ग्रामवासी कोसमी के उत्साह और सहभागिता ने विशेष बना दिया। इन तीनों कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि जब शिक्षा में गुणवत्ता, संवाद और सृजनशीलता एक साथ मिलते हैं तो परिणाम न केवल बेहतर बल्कि प्रेरणादायक होते हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्ज्वल उदाहरण है।

# खादी और ग्रामोद्योग पर तीन दिवसीय लोक शिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## सरकार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है- डॉ ई व्ही रेवती प्राचार्य




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा लोक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. वी. रेवती के मार्गदर्शन तथा वाणिज्य विभागाध्यक्ष जी.के. यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रथम दिवस निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

प्रथम दिवस निबंध प्रतियोगिता का विषय था 'आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त बनाने में खादी एवं ग्रामोद्योग की भूमिका'। इस प्रतियोगिता में 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। द्वितीय दिवस वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसका विषय था 'खादी अब केवल स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं, बल्कि एक व्यावसायिक रूप से सक्षम उत्पाद है'। इस प्रतियोगिता में 13 प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क रखे। तृतीय एवं अंतिम दिवस एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### 0 खादी वस्त्र न केवल भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी उपयोगी है - डॉ. कुलदीप वर्मा

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कुलदीप वर्मा, राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि खादी वस्त्र न केवल भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी उपयोगी है। मुख्य वक्ता मनीष शर्मा, बैंक अग्रणी प्रबंधक, जिला राजनांदगांव ने छात्रों को ऋण प्रक्रिया की जानकारी दी। सहायक संचालक, वाणिज्य एवं उद्योग केंद्र सतविंदर सिंह भाटिया, विशेष वक्ता आशीष मोटघरे संतोष साहू, सहायक, राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, राजनांदगांव ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक आवेदक 222.द् मद्द1द्बष्श्चद्दद्धठ्ठद्य.द्दश्1.द्बठ्ठ पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। चंद्रगिरी ट्रस्ट द्वारा संचालित हथकरघा केंद्र की शुभा जैन ने हथकरघा और खादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर के अनुसार खादी भारत की आत्मा का प्रतीक है। प्रकाश भोयर, प्रचार-प्रसार प्रभारी, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, रायपुर ने तीन दिवसीय कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विशेष भूमिका निभाई।

### 0 प्रतियोगिता के विजेता एवं निर्णायकों को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा किया गया सम्मानित

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निखिल सहारे, द्वितीय स्थान प्राची सहारे, तृतीय स्थान वैदेही सिंह ने प्राप्त किया। वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीजल, द्वितीय स्थान प्राची सहारे, तृतीय स्थान विकास मेश्राम ने प्राप्त किया किया। विजेताओं को खादी एवं ग्रामोद्योग से संबंधित सामग्री, वस्त्र और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।निर्णायक मण्डल में डॉ. येशुक्रिती हजारे (हिंदी विभाग), बेद प्रकाश साहू (वाणिज्य विभाग), श्रीमती देवश्री (गणित विभाग) और पूर्वेश बांधव (वाणिज्य विभाग) शामिल थे। निर्णायकों व प्राध्यापकों को भी खादी वस्त्र से सम्मानित किया गया।

### खादी सामग्री उपयोग करने एवं स्वच्छता की दिलाई शपथ

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती ने सभी को खादी प्रतिज्ञा दिलाई, जबकि सहायक प्राध्यापक अविनाश सिंह ने स्वच्छता प्रतिज्ञा दिलाई। डॉ. येशुकृती हजारे ने प्रसिद्ध कवि सोहनलाल द्विवेदी की कविता 'खादी के धागे-धागे में अपनेपन का अभियान भरा' का सस्वर वाचन कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. येशुकृती हजारे एवं श्रीमती देवश्री ने किया। आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष जी. के. यादव ने कहा कि खादी का वस्त्र केवल परिधान नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने सभी को आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. गोकुल प्रसाद, हर्ष यादव, सपना जैन (चंद्रगिरि) सहित अनेक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं जैसे दिव्या डड़सेना, आसमिन साहू, पीयूष यादव, प्राची लाउत्रे, निकिता गुप्ता, प्रियांशु, नव्या, ओमप्रकाश, शीतल आदि सात बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों की रहेगी धूम, बिखरेगी इंद्रधनुषी छटा



○ सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर के गायन का शहर में बिखरेगा जलवा
○ शिवनाथ वाटिका में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के बीच धूमधाम से मनेगा जन्मदिन, स्पीकर डॉ. रमन से मिलने आएंगे सीएम विष्णुदेव साय सहित मंत्रीगण एवं गणमान्यजन

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगातार 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह का 73वां जन्म दिवस शहर में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए जोरदार तैयारियां की जा रही है। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, कोषाध्यक्ष भावेश बैद ने प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि प्रदेश में लगातार 15 वर्षों तक भाजपा के मुख्यमंत्री रहे वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन की शहर में धूम बनी रहेगी। डॉ. रमन के जन्मदिन के दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव व अन्य मंत्रियों सहित बड़े पदाधिकारी उन्हें शुभकामनाएं देने उपस्थित रहेंगे। वहीं संस्कारधानी नगरी में विभिन्न स्थानों पर आयोजित जन्म दिवस संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों की इंद्रधनुषी छटा बिखरेगी।

बताया गया कि शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में सुप्रसिद्ध फिल्मी सिंगर कैलाश खेर का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं डॉ. रमन सिंह के गर्व और उल्लासमयी जन्म दिवस कार्यक्रम के तहत स्पीकर हाउस में दिव्यांग बच्चों के साथ वक्त बीताकर उन्हें कैलीपर्स आदि का वितरण सहित लगभग 600 की संख्या में स्वच्छता दीदीयों से भेंटकर उनका सम्मान किया जाएगा।

### शहर के 51 वार्डों में स्वच्छता अभियान व पौधरोपण

प्रेसवार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपूत सहित महामंत्री सौरभ कोठारी ने बताया कि डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर शहर के 51 वार्डों में भाजपा के लोगों द्वारा स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं सभी वार्ड में पौधरोपण भी किया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षदों सहित वार्ड के गणमान्य व आम नागरिक तथा भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बनी रहेगी।

### गायक कैलाश खेर के गायन का बिखरेगा इंद्रधनुषी रंग

जिला भाजपा कोषाध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि 15 अक्टूबर डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस के दिन शहर के स्टेट स्कूल मैदान में रात 9 बजे सुप्रसिद्ध धर्म अध्यात्म के गायक कैलाश खेर अपने गायन का इंद्रधनुषी रंग बिखेरेंगे। उन्होंने बताया कि उक्त रंगारंग आयोजन यूथ वेलफेयर फाउण्डेशन के तत्वावधान में की जा रही है। कार्यक्रम के लिए स्टेट हाईस्कूल मैदान में पूरी व्यवस्था जुटाई जा रही है। श्री बैद के अनुसार फाउंडेशन का यह तीसरा वर्ष है। इसके पूर्व वर्षों में राष्ट्रीय स्तर के कवि सम्मेलन आदि भव्य कार्यक्रम संपन्न कराए गए हैं।

### कार्यकर्ता सम्मेलन व जन्म दिवस आयोजन

प्रेसवार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि क्षेत्र के विधायक डॉ. रमन सिंह के शहर में धूमधाम के साथ जन्म दिवस की शुरुआत शिवनाथ वाटिका में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन से होगी। 15 अक्टूबर को साय 4 बजे आयोजित उक्त विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने लाडले विधायक और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति बनी रहेगी। इस दौरान सम्मेलन में पधारे हजारों की संख्या में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों, पार्षदों व कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम के साथ डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन मनाया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपूत ने कहा कि डॉ. रमन के जन्मदिन पर कोई भी व्यक्ति बड़ा-सा बूके या भारी तोहफा न लाएं। डॉ. रमन सिंह को उनके जन्मदिन पर एक गुलाब फूल दिया जाना की काफी महत्वपूर्ण होगा। बताया गया है कि शिवनाथ वाटिका के कार्यकर्ता सम्मेलन व जन्मदिवस आयोजन में लोगों के मनोरंजनार्थ यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित लोगों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था की गई है।

### प्रयास एकेडमी का बिल्डिंग व जिम का उद्घाटन

प्रेसवार्ता में उपस्थित भाजपा के तरुण लहरवानी, रोहित चंद्राकर, रघु शर्मा आदि की उपस्थिति में बताया गया कि डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के इस दो दिवसीय भव्य आयोजन के दूसरे दिन 16 अक्टूबर को डॉ. रमन सिंह के हाथो प्रयास एकेडमी के नवीन बिल्डिंग व जिम का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित है। संस्कारधानी नगरी में 15 एवं 16 अक्टूबर को डॉ. रमन सिंह का हर्षोल्लास पूर्ण मनाया जाने वाले जन्म दिवस पर आयोजित उपरोक्त आयोजन के लिए भव्य तैयारियां की जा रही है।

# राहुल गांधी के सिस्टम का हाईजेक कर रहे हैं जिले के विधायक



'नेता नहीं कार्यकर्ता चुनेंगे' संगठन का अध्यक्ष के उद्देश्य, पर लग रहा पलीता

विधायकों की दिल्ली में हुई शिकायत, हो सकती है जल्द कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। पखवाड़े भर से शहर से लेकर पूरे जिले भर व आसपास के दोनों जिले में कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए मुंबई से कांग्रेस के पर्यवेक्षक, तेजतर्रार राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सापरा छत्तीसगढ़ आए हुए हैं और वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा बनाए गए सिस्टम 'नेता नहीं कार्यकर्ता चुनेंगे'। बताते है कि जिले के विधायकों ने राहुल गांधी के सिस्टम को फेल करते हुए अपने लोगों के लिये दावेदारी दमखम से रखी, जिसकी शिकायत दिल्ली में की गई है, जल्द ही उन पर कार्यवाही हो सकती है। पहली बार राहुल गांधी के फार्मूले की जमकर प्रशंसा हो रही है कि कार्यकर्त्ताओं से फीटबैक लेकर संगठन में सबको साथ लेकर कार्य करने वाले युवाओं को मौका दिया जायेगा।

संगठन अध्यक्ष के उद्देश्य को लेकर घूम-घूमकर कांग्रेस के सभी नेताओं कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। लोग इसकी सराहना भी कर रहे हैं कि पहली बार कांग्रेस ने लोगों से सलाह-मशविरा का अच्छा सिस्टम बनाया है। लेकिन कांग्रेस की इस सोच व संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन के अध्यक्ष बनाए जाने के उद्देश्य पर पलीता लगता दिख रहा है। जानने में आ रहा है कि कांग्रेस विधायक राहुल गांधी के सिस्टम को ध्वस्त करने आमदा है। पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता को पर्यवेक्षक से मिलने देने के बजाय लाबिंग कर अपने गुट से कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के लिए हद तक उतरने का प्रयास किया जा रहा है।

### पर्यवेक्षक तीन जिले के दौरे पर

बता दें कि संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस के तेजतर्रार नेता चरण सिंह सापरा पिछले सप्ताह भर से जिला कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष के चयन को लेकर राजनांदगांव सहित तीनों जिले के दौरे पर हैं।

राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मानपुर-मोहला, अंबागढ़ चौकी जिले के दौरे पर पर्यवेक्षक श्री सपरा बैठकें लेकर जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोल रहे हैं। लेकिन इस कार्य में विधायकों द्वारा गुटों में बंटकर अपने चहेतों को अध्यक्ष बनाने व पद दिलाने के लिए जमकर शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष हो या ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के लिए विधायक अपने गुटों के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन करने से नहीं चुके।

### एक दूसरे का नंबर कम करने खोदा-खादी

पर्यवेक्षक श्री सपरा द्वारा साफ कहा जा रहा है कि कांग्रेस संगठन में जिला अध्यक्ष व ग्रामीण अध्यक्ष का चुनाव किया जाना एक सांगठनिक प्रक्रिया है, जिसके तहत ही उसे जिलाध्यक्षों का चयन करना है। लेकिन कांग्रेस में शहर व ग्रामीण दोनों संगठन ने एक दूसरों के नंबर कम करने अध्यक्ष बनने के दावेदार कागजी दस्तावेज भी उनके सामने कर दिए हैं, वहीं अपने रिपोर्ट कार्ड में नंबर बढ़ाने दूसरे दावेदारों की कमियां गिनाने का भी काम किया जा रहा है। इससे पार्टी की किरकिरी होती नजर आ रही है। लोगों का कहना है कि यदि कांग्रेस में ऐसे ही स्थिति रही तो इस पार्टी का भगवान ही मालिक है। उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर अब देखना यह है कि नेता नहीं कार्यकर्ता चुनेंगे संगठन का अध्यक्ष, सिस्टम कितना फलीभूत होता है। फिलहाल तो पर्यवेक्षक के सामने ही विधायकों द्वारा गुटों में बंटकर अपने चहेतों को पद दिलाने के लिए किए जा रहे शक्ति प्रदर्शन से पार्टी का भद पिट रही है। यह कांग्रेस के समर्पित व संगठन में पद पाने से दूर लोगों को नागवार गुजर रहा है।

# आयुष्मान योजना में गड़बड़ी! तीन संस्थाओं के बिस्तर घटाने के निर्देश, दो निजी अस्पतालों का पंजीयन रद्द




राजनांदगांव (दावा)। जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम पर जिले के कई निजी अस्पतालों में चल रही गड़बड़ियों का बड़ा खुलासा हुआ है। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन की अगुवाई में गठित टीम ने 8 और 9 अक्टूबर को पंजीकृत अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें नियमों का घोर उल्लंघन सामने आया।

### तीन संस्थाओं के बिस्तर घटाने के निर्देश

जांच के दौरान अस्पतालों द्वारा शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा था। निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य विभाग ने दो अस्पतालों का आयुष्मान योजना अंतर्गत पंजीयन निरस्त करने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेज दिया, जबकि तीन अस्पतालों के बिस्तरों की संख्या घटाने के निर्देश जारी किए गए हैं। टीम ने अपेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, राजनांदगांव हेल्थ केयर, नव जीवन हॉस्पिटल, जय तुलसी नर्सिंग होम और शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की जांच की। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई अस्पतालों ने न तो आयुष्मान योजना के तहत उपचार संबंधी बोर्ड प्रदर्शित किए थे, न ही मरीजों से आयुष्मान कार्ड की जानकारी या सहमति पत्र लिया गया। कुछ अस्पतालों में मरीजों से अतिरिक्त शुल्क लेने की शिकायतें भी मिलीं।

### सभी रिकॉर्ड संधारित करने कहा गया

टीम ने सभी निजी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने चिकित्सकों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टॉफ का आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में पंजीयन कराएं और नियुक्ति, वेतन एवं मरीज उपचार संबंधी सभी रिकॉर्ड संधारित करें। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले के सभी 30 पंजीकृत निजी अस्पतालों का पुनः औचक निरीक्षण किया जाएगा, और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई से कोई नहीं बचेगा।

# खाद्य प्रतिष्ठान एवं मिठाई दुकानों का लगातार औचक निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की जांच की जा रही



मिठाई दुकानों के 60 खाद्य नमूनों की मौके पर चलित प्रयोगशाला के माध्यम से जांच की गयी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आगामी दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में कमी एवं मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जिले के प्रमुख स्थानों सहित चौक-चौराहों पर संचालित खाद्य प्रतिष्ठान एवं मिठाई दुकानों में लगातार जांच करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मिठाई विक्रेता एवं निर्माताओं को मिठाईयों एवं अन्य खाद्य सामग्री पर निर्माण व उपयोग तिथि प्रदर्शित करना चाहिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार मिठाई एवं अन्य खाद्य सामग्री की जांच की जा रही है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग त्यौहारी सीजन के दृष्टिगत अलर्ट मोड पर है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नागरिकों को स्वच्छ व सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने चलित प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य प्रतिष्ठान एवं मिठाई दुकानों का लगातार औचक निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की जांच की जा रही है। अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठान एवं मिठाई दुकान संचालकों को जागरूक करने के साथ ही आवश्यक सुधार हेतु निर्देश भी दिए जा रहे है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा विगत दिनों चलित प्रयोगशाला के माध्यम से राजनांदगांव शहर में संचालित ठेला, टपरी, मिठाई दुकानों के 60 खाद्य नमूनों की मौके पर चलित प्रयोगशाला के माध्यम से जांच की गयी। जांच में 54 मानक एवं 6 अमानक पाए गए। दुकान संचालक को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। शहर के हलवाई लाइन में दबिश देकर मेसर्स रामप्रसाद स्वीट, मोतीलाल हरिमोहन एवं अरिहंत सुपर बाजार से खोवा, मिल्क केक, मैदा, बेसन सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने विधिक जांच हेतु जप्त किये गए। जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही जाएगी। विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन में जिलें में बाहर से आयात होने वाले खोवा, पनीर, कुंदा अन्य खाद्य सामग्री की निगरानी की जा रही है, ताकि नागरिकों तक सही खाद्य सामग्री पहुंच सकें। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जांच अभियान लगातार जारी है।

# निर्माणाधीन मकान में करंट लगने से मजदूर की मौत, रायपुर से डायरी नहीं पहुंची राजनांदगांव

राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे रेवाड़ीह क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान में वेल्डिंग का काम कर रहे तीन मजदूरों को करंट लगने की गंभीर घटना सामने आई है। इस हादसे में एक मजदूर की रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक मजदूर जो बजरंगपुर नवागांव के निवासी थे, उनकी पत्नी गर्भवती बताई जा रही है। इस घटना ने मजदूर परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

### मामला जीरो पर मर्ग, डायरी लंबित

सूत्रों के अनुसार मृतक मजदूर के मामले में रायपुर में जीरो पर मर्ग कायम किया गया है। लेकिन, सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए यह डायरी अभी तक राजनांदगांव नहीं पहुंची है, जिसके कारण स्थानीय पुलिस कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई है।

### दबाव की राजनीति और गंभीर आरोप

यह निर्माणाधीन मकान कथित तौर पर किसी पूर्व खेल अधिकारी द्वारा बनाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि ठेकेदार और मकान मालिक द्वारा गंभीर रूप से घायल हुए अन्य दो मजदूरों पर मामला रफा-दफा करने के लिए भारी दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, कुछ राजनीति से जुड़े नेता भी इस मामले में हस्तक्षेप कर मकान मालिक को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि उक्त खेल अधिकारी द्वारा कॉलोनी में संचालित एकेडमी भी अवैधानिक है।

### आंदोलन की तैयारी

मजदूर संगठन और स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि इस दुखद घटना में जल्द ही उचित कार्यवाही और पीड़ित परिवार को मुआवजा नहीं मिलता है तो 15 नवंबर के बाद एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी चल रही है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से जल्द से जल्द न्याय सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बच्चा का अपहरण करने का प्रयास करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

सालेकसा महाराष्ट्र से आये थे आरोपीगण डोंगरगढ़



डोंगरगढ़(दावा)। दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को प्रार्थी घनश्याम लहरे पिता स्व. सतोष लहरे उम्र 35 साल निवासी कचहरी चौक वार्ड नं. 22 सतनामी पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. के 10 वर्ष का लड़का अपने घर गेट के सामने बाहर खेल रहा था, उसी दौरान 02 अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण करने का प्रयास कर रहे थे। इस संदर्भ में 02 आरोपियों को पकड़ा गया एवं पूछताछ करने पर दोनों अपना नाम तरीकत शाह, दिलदार शाह दोनों निवासी बाबाटोली आमगांव खुर्द थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया महाराष्ट्र का रहने वाला बताये।

घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम को घटना से अवगत कराकर प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार विवेचना कार्यवाही करते हुये आरोपीगण से पूछताछ किये। जो बच्चे को अकेला एवं सुनसान देखकर अपने साथ अपहरण कर ले जा रहे थे बताये। आरोपीगण के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से दिनांक- 11 अक्टूबर 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक को न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# अवैध रूप से संचालित पत्थर खदानों की हुई शिकायत : ग्रामीणों को नए युवा जिलाधीश से कार्यवाही की उम्मीद

राजनांदगांव (दावा)। फर्शी पत्थर और गिट्टी के लिए मशहूर खदानों में ग्राम अर्जुनी से सटे सालिकझिटिया में अनेक खदान संचालित हैं। ग्रामीणों की मानें तो इन खदानों में अनेक खदानों का वर्षों पूर्व लीज किया गया था और इसकी समय सीमा समाप्त हो चुकी है और अब ये खदान अवैध रूप से संचालित हैं। ऐसा नहीं है कि नियमों को ताक में रखकर चल रहे इन खदानों की जानकारी राजस्व विभाग और खनिज विभाग को नहीं है, दो विभाग के कर्मचारी इन खदानों को लेकर आंख मूंदकर खुलेआम संरक्षण दे रही है। इस विषय को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में प्रस्ताव कर इन खदानों को बंद करवाने कलेक्टर तक से गुहार लगा चुके हैं, किन्तु आज पर्यन्त सभी खदान निर्बाध रूप से संचालित हैं। अब जिला का कमान ऊर्जावान कलेक्टर जितेन्द्र यादव के जिम्मे हैं और ग्रामीणों को फिर से एक बार कार्यवाही की आस जगी है।

ग्रामीणों द्वारा जिलाधीश जितेन्द्र यादव को सौंपे गए पत्र में ग्राम में संचालित कुल पांच खदानों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया गया है जिसमें अमित कुमार के ग्राम के खसरा क्र.147/1 और 146/1 में संचालित खदान का लीज पट्टा विगत 20 वर्षों पूर्व ही समाप्त होना बताया गया है। वही शासकीय जमीन पर क्रेसर का रेंप बनाया गया है और ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए पत्र में आगे किसी भी पत्थर खदान को एनओसी नहीं देने की बात कही गई है। इसी प्रकार सुलभ अग्रवाल के कृषि भूमि खसरा क्रमांक 345/2, 357/1, 358/2, 358/3 एवं 361 में खदान संचालित होना बताया गया है। जिसमें व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भूमि के लिए अनुज्ञा ही नहीं ली गई है।

### खदानों से खेतों में पानी नहीं रूकने से किसान परेशान

इस खदान से लगा हुआ अन्य किसानों का कृषि भूमि है। खदान में गहराई की वजह से खेतों में पानी नहीं रूक पाता। जिससे समीपस्थ किसान परेशान हैं। इसके अलावा लीज एरिया से हटकर शासकीय जमीन की खुदाई, किसानों के मार्ग में खदान का मलमा भंडारण जैसी अनेक शिकायतें हैं। इसी तरह मोतीराम सोनकर के कृषि भूमि खसरा नंबर 65/3, 65/4, 65/8, 65/9 और 66/3 कुल रकबा 3.15 एकड़ में 2.15 एकड़ भूमि लीज पर है, किन्तु लीज एरिया को छोड़कर अन्य जमीन पर खुदाई चल रहा है और खदान मापदंड से इतर अत्यधिक गहराई में खदान संचालित है। वहीं शासकीय भूमि पर रैम्प बनाने से पशुओं के चारागाह की परेशानी हो रही है।

### ब्लास्टिंग से मकानों में दरार

शासकीय जमीन पर जलग्रहण मिशन मद से वृक्षारोपण कराया गया था। इस स्थल पर खदान का मलमा डाल दिया गया है और कुछ वृक्षों की कटाई हो चुकी है। इसी प्रकार अन्य खदानों में आम रास्ते से लगकर खदान होने से राहगीरों को धूलमिट्टी का सामना करना पड़ता है। वहीं समय बेसमय ब्लास्टिंग से मकानों में दरार और अनेक बोर भी बंद चुके हैं। इन सभी परेशानियों को देखते हुए सभी खदानों को बंद करने का निवेदन करते हुए ग्रामीणों ने राजनांदगांव के जिलाधीश महोदय से शिकायत की गई है।










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com